कानपुर से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# लोकजन संदेश
विश्वास तोड़ते नहीं, सच छोड़ते नहीं
वर्षः9, अंकः 329
पृष्ठ : 8
कानपुर महानगर, सोमवार
15 अप्रैल, 2024
मूल्य रु. 2.00



1 अम्बेडकर चौराहे पर मनाया इंडिया गठबंधन के
2 मसाला फैक्ट्री से उड़ी तीखी मिर्च, लोगों
3 संविधान निर्माता की जयंती पर सपा जिला

## न्यूज गैलरी

### अदालत ने पूर्व कांग्रेस पार्षद इशरत जहां की जमानत शर्त में संशोधन किया

नई दिल्ली। पूर्व कांग्रेस पार्षद एवं वकील इशरत जहां को बड़ी राहत देते हुए दिल्ली की एक अदालत ने 2020 के दिल्ली सांप्रदायिक दंगों के पीछे बड़ी साजिश से जुड़े मामले में उनकी जमानत शर्तों में संशोधन किया है और उन्हें देश में कहीं भी जाने की अनुमति दे दी है। शुक्रवार को पारित एक आदेश में, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी ने कहा कि पूर्व में अदालत ने जहां पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) न छोड़ने की शर्त लगाई थी जिसे दिसंबर 2022 में अदालत को सूचित किए बिना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नहीं छोड़ने की सीमा तक संशोधित किया गया था न्यायाधीश ने जहां की दलील पर गौर किया कि जमानत मिलने के बाद उन्होंने अदालत द्वारा लगाई गई किसी भी शर्त का उल्लंघन नहीं किया है। उन्होंने कहा, ''इस तथ्य पर विचार करते हुए कि जमानत दिए जाने के बाद से, जांच एजेंसी या अभियोजन पक्ष अदालत के सामने ऐसा कोई तथ्य नहीं लाया गया है कि आवेदक ने जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है, इसलिए अदालत इस शर्त को संशोधित करना उचित मानती है जैसा कि आवेदक ने निवेदन किया है।''अदालत ने शर्त में संशोधन करते हुए कहा कि आवेदक अदालत की पूर्व अनुमति के बिना भारत से बाहर नहीं जाएगी और न ही किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल होगी।

### मणिपुर में फिर हुई गोलीबारी

इंफाल। मणिपुर में फिर गोलीबारी हुई है। राज्य के इंफाल पूर्वी जिले में शनिवार को दो सशस्त्र समूहों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई है। मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी कांगपोकपी जिले की सीमा के करीब हुई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए राज्य और केंद्रीय पुलिस बल को क्षेत्र में भेजा गया है। अतिरिक्त सुरक्षा बल को तैनात कर दिया गया है।इलाकों में सुरक्षा बलों के पहुंचने के बाद सशस्त्र समूहों के कैडर शवों को छोड़कर इलाके से भाग गए।

# यमराज की झूठ पकड़ने वाली मशीन की घंटी सुबह से बज रही है : कांग्रेस



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जारी किए गए संकल्प पत्र पर कांग्रेस ने निशाना साधा है। एआईसीसी मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस कर कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत और अमिताभ दुबे ने भाजपा के घोषणापत्र पर तंज कसा है। पवन खेड़ा ने बीजेपी के संकल्प पत्र पर चुटकी लेते हुए कहा कि यमराज की झूठ पकड़ने वाली मशीन की घंटी सुबह से बज रही थी क्योंकि आज भाजपा का घोषणापत्र जारी होने वाला था। इतना ही नहीं उन्होंने ये भी कहा कि भाजपा के घोषणापत्र का नाम संकल्प पत्र नहीं बल्कि माफ़ीनामा होना चाहिए। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने यमलोक की घटना का जिक्र करते हुए प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत की और कहा, %यमराज ने एक मशीन बनाई थी। जब भी कोई झूठ बोलता था, उस मशीन की घंटी बजने लगती थी। आज सुबह से वह मशीन बंद ही नहीं हो रही है। सुबह से टन-टन-टन बजे जा रही है। यमराज बहुत चिंतित हुए और उन्होंने चित्रगुप्त को बुलाया और कहा कि ये घंटी बंद क्यों नहीं हो है। चित्रगुप्त ने कहा कि महाराज, आज मोदी जी का संकल्प पत्र जारी होने वाला है। उन्होंने आगे कहा, ये स्थिति एक प्रधानमंत्री की हो गयी, एक ऐसे नेता की हो गयी, जो 10 साल से प्रधानमंत्री है। इस %संकल्प पत्र% या फिर मोदी की गारंटी पत्र जो भी ये नाम देना चाहे, हमें इस नाम से घोर आपत्ति है, इसका नाम %माफीनामा% होना चाहिए और माफीनामे में ये तो वैसे भी एक्सपर्ट है। इन्हें दलितों से माफी मांगनी चाहिए थी, किसानों से माफी मांगनी चाहिए थी, नौजवानों, जो बेरोजगार हैं, उनसे माफी मांगनी चाहिए थी, अग्निवीर के जवानों से मांगनी चाहिए थी, अंकिता भंडारी के परिवार से माफी मांगनी चाहिए थी, आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए थी। लोगों की थालियों में ताक-झांक की आदत पीएम मोदी की है ही, अगर गरीब की ताली को देख लेते तो आज खुद उसको माफी पत्र कहते माफीनामा कहते। यमराज ने एक मशीन बनाई थी, जिसमें झूठ बोलने पर घंटी बजने लगती थी। आज सुबह से वह घंटी लगातार बज रही है। हैरानी में यमराज ने चित्रगुप्त से पूछा- ये घंटी क्यों बज रही है? चित्रगुप्त ने कहा- महाराज, आज मोदी जी का संकल्प पत्र जारी होने वाला है। भाजपा के 2014 के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए पवन खेड़ा ने कहा, %2014 के घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी जी ने वादा किया था कि.. स्पेशल टास्कफोर्स बनाकर काला धन वापस लाएंगे, लेकिन हुआ क्या इलेक्टोरल बॉन्ड आ गया।

# आग देश में नहीं उनके दिलों में लगी है: पीएम मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने एक बार फिर मोदी सरकार% का नारा दोहराते हुए कहा, %अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब मध्य प्रदेश ने पूरे देश को चौंका दिया था और होशंगाबाद ने तो कमाल कर दिया था। यहां से जो लहर उठी थी, वो लहर पूरे देश में फैल चुकी है। आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है - फिर एक बार मोदी सरकार। संविधान निर्माता बाबा साहेब आम्बेडकर को उनकी जयंती पर याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, %आज संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मजयंती है। उनकी जन्मस्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे जहां भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है। जो सम्मान कांग्रेस ने उनको कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का ये बेटा मोदी, आपसे तीसरी बार सेवा का आशीर्वाद मांग रहा है।उन्होंने आगे कहा, ये बाबा साहेब का संविधान है, जिसके कारण आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार की बेटी है। जिस समाज को सबसे अंत में पूछा गया, जिसको वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति के रूप में पहली नागरिक है। हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप मोबाइल फोन से जो डिजिटल पेमेंट करते हैं, उस डिजिटल पेमेंट योजना का नाम [illegible] है, ये नाम हमने बाबा साहेब के नाम पर ही रखा है।होशंगाबाद की चुनावी जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई है। इसी परिवार ने देश में आपातकाल या इमरजेंसी लगाई थी। कांग्रेस ने देश भर में लोकतांत्रिक सरकारों को जब मर्जी पत्तों के महल की तरह गिरा दिया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और जो मन किया वो लिखवाया और खुद का ही महिमामंडन करवाया। कांग्रेस की मानें तो लोकतंत्र तब ठीक चल रहा था, फलफूल रहा था। लेकिन जैसे ही गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना वैसे ही कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि मोदी आया है, संविधान और लोकतंत्र पर खतरा हो जाएगा। कांग्रेस वालों को पता नहीं है। ये बाबासाहेब का जो संविधान है, उसके कारण तो मोदी यहां पहुंचा है।पीएम मोदी ने कहा, %कांग्रेस की मानें तो तब लोकतंत्र ठीक चल रहा था, फल-फूल रहा था। लेकिन जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया। अब तो कांग्रेस का शाही परिवार धमकी दे रहा है कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी।

### देश में चलेंगी तीन तरह की वंदे भारत, बुलेट ट्रेन को लेकर भी बीजेपी का नया वादा



नई दिल्ली।लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आज (14 अप्रैल) भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी किया। मोदी का गारंटी नाम से इस संकल्प पत्र में भाजपा ने युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों पर ध्यान केंद्रित किया है। मोदी सरकार 3.0 में क्या कुछ किया जाएगा, इसका एक रोडमैप तैयार किया गया है। भाजपा ने वादा किया है कि मोदी सरकार के अगले कार्यकाल में वंदे भारत ट्रेन की संख्या बढ़ाई जाएगी। वहीं, तीन तरह के वंदे भारत ट्रेन, वंदे चेयर कार, वंदे स्लीपर और वंदे मेट्रो ट्रेनें पटरियों पर दौड़ेंगी। कुछ दिनों पहले केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात का जिक्र किया था। पार्टी के संकल्प पत्र में लिखा गया,मौजूदा समय में मोदी सरकार 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों का पुनर्विकास कर रही है। हमने विश्वस्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। वहीं, वंदे स्लीपर ट्रेन के जरिए देश की जनता आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा कर सकेगी। वहीं, देश के प्रमुख शहरों में मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। पिछले 10 वर्षों में 20 से अधिक शहरों में मेट्रो शुरू की है। संकल्प पत्र में कहा गया कि हम (मोदी सरकार) पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं।

# मुफ्त राशन-बिजली, यूसीसी का वादा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बड़ी घोषणा



नई दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आज अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र को मोदी की गारंटी नाम दिया है। पार्टी ने इसमें युवाओं, महिलाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों पर अपना फोकस रखा। संकल्प पत्र जारी करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने नई सरकार के लिए 100 दिन का एक्शन प्लान भी तैयार कर लिया है।भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में मुफ्त बिजली से लेकर कई सारे वादे किए हैं, आइए जानें इनके बारे में...भाजपा ने देश के लोगों से फ्री बिजली से लेकर 5 साल तक मुफ्त राशन की व्यवस्था जारी रखने का वादा किया है।इसी के साथ संकल्प पत्र में 3 करोड़ नए घर बनाने का भी वादा है। पीएम सूर्यघर बिलजी योजना को लॉन्च कर लोगों को ज्यादा बिजली बनाकर पैसे कमाने का भी अवसर दिया जाएगा।मुद्रा युजना की सीमा अब 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दी गई है। संकल्प पत्र में भाजपा ने वादा किया है कि वो जल्द देश में यूसीसी लागू करेंगे। भाजपा ने वरिष्ठ नागरिकों से भी एक खास वादा किया है। पीएम मोदी ने कहा कि अब आयुष्मान योजना के दायरे में 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को लाया जाएगा। आयुष्मान योजना के दायरे में अब ट्रांसडजेंडर भी आएंगे। संकल्प पत्र में वादा किया गया है कि दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। संकल्प पत्र जारी करते हुए पीएम मोदी ने दो बड़ी बातें भी कही। पीएम ने कहा कि हम देश में वन नेशन वन इलेक्शन को लागू करने पर कदम बढ़ाएंगे और आगे भी भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे। पार्टी ने कहा कि उसने पहले 1 करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाया। अब वो तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनने के लिए सशक्त बनाएंगे।संकल्प पत्र में कहा गया कि महिलाओं के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करते हुए एनीमिया, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम और कमी पर केंद्रित मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।

### सेना ने आसानी से कहीं भी ले जाने में सक्षम टैंक रोधी मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया



नई दिल्ली। भारतीय सेना ने आसानी से कहीं भी ले जाने और कहीं से भी दुश्मन के टैंक को निशाना बनाने में सक्षम स्वदेश निर्मित 'मैन-पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल' (एमपीएटीजीएम) हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण किया जिससे उसे सेना के शस्त्रागार में शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।अधिकारियों ने बताया कि इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। इस प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लॉन्चर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण तथा एक अग्नि नियंत्रण इकाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस प्रणाली के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए इसे आधुनिक प्रौद्योगिकी आधारित रक्षा प्रणाली के विकास में आत्म-निर्भरता हासिल करने की ओर महत्वपूर्ण कदम बताया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि उच्च श्रेष्ठता के साथ प्रौद्योगिकी को साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान विन्यासों में मूल्यांकन किया गया है। उसने कहा, ''इस हथियार प्रणाली का 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया। मिसाइल का प्रदर्शन उल्लेखनीय पाया गया है।'' यह हथियार प्रणाली दिन और रात दोनों वक्त अभियान के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।

# खराब मौसम के कारण नोएडा नहीं पहुंच सके अमित शाह, फोन से जनसभा को संबोधित किया



नोएडा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नेगौतमबुद्ध नगर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी महेश शर्मा के समर्थन में फोन से लोगों को संबोधित किया। वह खराब मौसम के कारण यहां व्यक्तिगत रूप से नहीं पहुंच सके। शाह आज दिन में तमिलनाडु और राजस्थान में चुनावी सभाओं में व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए थे और शाम को उन्हें नोएडा पहुंचना था। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में खराब मौसम के कारण शाह नोएडा नहीं पहुंच सके, लेकिन उन्होंने एक संक्षिप्त टेलीफोन कॉल के माध्यम से जनसभा को संबोधित किया और मतदाताओं से नरेन्द्र मोदी को तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा उम्मीदवार को वोट देने की अपील की। शाह ने कहा, ''पिछले 10 वर्षों के दौरान, मोदी ने देश में गरीबों के कल्याण से लेकर शहरी और बुनियादी ढांचे के विकास तक कई मुद्दों पर काम किया है। महेश शर्मा और नरेन्द्र मोदी की टीम को नोएडा में एक हवाई अड्डा मिला और क्षेत्र कई राजमार्गों से जुड़ा। शर्मा ने नोएडा के व्यापक विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है।

### राहुल गांधी की तमिलनाडु यात्रा ने मोदी के चुनाव प्रचार को फीका कर दिया

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने कहा कि राज्य में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक दिवसीय प्रचार अभियान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राज्य में अब तक की गईं सभी चुनावी यात्राओं को फीका कर दिया है। राहुल गांधी की कोयंबटूर में 12 अप्रैल को हुई एक जनसभा का जिक्र करते हुए स्टालिन ने कहा कि सभा 'बाहुबली' की तरह विशाल थी और एक ही जनसभा से 'पूरी भाजपा पिछड़ गई'।मुख्यमंत्री ने कहा, राहुल गांधी ने साबित कर दिया है कि तमिलनाडु के लोगों को केवल प्यार के जरिए जीता जा सकता है।''

# धोखाधड़ी रोकने के लिए दुकानदारों, बैंकिंग प्रतिनिधियों की अधिक जांच-परख चाहता है वित्त मंत्रालय




नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय चाहता है कि बीओबी वर्ल्ड ऐप घोटाले और इसी तरह के अन्य वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाने के लिए बैंक तथा वित्तीय संस्थान 'अपने ग्राहक को जानो' (केवाईसी) प्रक्रिया और जांच-परख को बढ़ाने के लिए काम करें।सूत्रों ने कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने वाले दुकानदारों (मर्चेंट) तथा बैंकिंग प्रतिनिधि को जोड़ने से पहले बैंकों और वित्तीय संस्थानों को इनकी गहन जांच-परख करनी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि इस तरह के कदम से न केवल धोखाधड़ी पर अंकुश लग सकेगा बल्कि वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत किया जा सकेगा।सूत्रों ने कहा कि दुकानदारों और बैंकिंग प्रतिनिधि के स्तर पर आंकड़ों (डेटा) की सुरक्षा को मजबूत करने की जरूरत है, क्योंकि इनके स्तर पर डेटा में सेंध लगने की आशंका अधिक होती है। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को बैंकों और वित्तीय संस्थानों को साइबर धोखाधड़ी के 'हॉटस्पॉट' पर बैंकिंग प्रतिनिधियों को जोड़ने से पहले उनकी पूरी जांच-परख करनी चाहिए।इसके अलावा धोखाधड़ी में इस्तेमाल सूक्ष्म एटीएम को भी ब्लॉक किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने को लेकर हाल में एक अंतर-मंत्रालयी बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में यह सुझाव दिया गया।राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2023 के दौरान वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के 11,28,265 मामले सामने आए। इन मामलों में कुल 7,488.63 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।साइबर अपराध से व्यापक और समन्वित तरीके से निपटने के तंत्र को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने गृह मंत्रालय के माध्यम से देश में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र' की स्थापना की है।

# एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

अवगत कराना है कि महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान (फेज-04) के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद जनपद हापुड़ के समस्त थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले स्कूल/कालेजों, गांवों/कस्बो, बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, धार्मिक स्थलों आदि के आस-पास मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए ऑडियो/वीडियो/पंफलेट के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया

# लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ़ मॉडर्न पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में सम्मानित हुये मेघावी

लोक जन संदेश।

मिहींपुरवा/बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। थाना मोतीपुर के मिहिंपुरवा कस्बे में संचालित लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ़ मॉडर्न पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव काफी धूम धाम से आयोजित किया गया।

रविवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस एस बी 59वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेट अशोक कुमार कुंडू रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ लॉर्ड बुद्धा ग्रुप आफ स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एसके मौर्य की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात समारोह में मौजूद अतिथियों को बुके देकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल जे के मौर्य ने किया तथा सहसंचालन के रुप में कमर तौहीद एवं काजल शाहा रही। समारोह में बच्चों की ओर से प्रस्तुत संस्कृतिक कार्यक्रमो में इसरो ,झांसी की रानी, वंदे मातरम जैसे देशभक्ति व सामाजिक कार्यक्रमो ने सभी लोगो का मन मोह लिया। सभी कार्यक्रमों में इंडियन आर्मी पर आधारित देश भक्ति से ओतप्रोत एवं झांसी की रानी की घटना का नाटक ने विशेष रुप से लोगो को खासा प्रभावित किया। इस दौरान समारोह में इंग्लिश मीडियम एवं हिंदी मीडियम के सभी मेघावी छात्रों एंव उनके माता पिता को मंच पर बुला कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले छात्रों में इंग्लिश मीडियम से कक्षा नर्सरी से कक्षा पांच तक के ग्रुप में कक्षा-2 के अंश ने विद्यालय टॉप किया तथा द्वितीय स्थान पर कक्षा-2 की उन्नति एवं तीसरे स्थान पर कक्षा-5 से अंजली रही। वही कक्षा 6 से कक्षा 9 ग्रुप में कक्षा 9 की एंजल ने विद्यालय टाप किया तथा कक्षा 7 की जाह्नवी दूसरे और कक्षा 8 की नेहा तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय के तीसरी पाली किड्स प्ले स्कूल ब्रांच में नर्सरी से अंशु लाट ने विद्यालय टॉप किया तथा सेकेंड टॉपर पारुल चौधरी एवम् थर्ड टॉपर अभि जयसवाल रहे।हिंदी मीडियम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक के ग्रुप मे कक्षा 4 के आयुष ने विद्यालय टाप किया तथा द्वितीय स्थान पर कक्षा 3 की इकरा एवं तीसरे स्थान पर कक्षा 2 की मान्या रही। वही हिंदी मीडियम के ही 6 से कक्षा 8 तक के ग्रुप में कक्षा 8 के अमन ने विद्यालय टाप किया तथा दूसरे स्थान पर कक्षा 8 की सानिया और तीसरे स्थान पर कक्षा 6 की मनीषा रही। इसके साथ ही अपने क्लास में सबसे ज्यादा दिन उपस्थिति दर्ज कराने वाले 40 बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस.एस.बी 59वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंड अशोक कुमार कुंडू ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति देखकर उन्हें अपनी बचपन की याद आ गई उन्होंने बच्चों के कार्यक्रम को सराहते हुए कहा की विद्यालय के बच्चे मंच के जादूगर हैं। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन को इस शानदार आयोजन के लिए धन्यवाद दिया तथा विद्यालय के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में सर्वोदय इंटर कालेज के पूर्व प्रवक्ता में एम. रशीद , रियान पब्लिक स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डा साबिर, लखनऊ भाषा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा. हारुन रशीद, सुभाष लाट, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप नारायन मदेशिया, रवींद्र सिंह, संजय कुशवाहा समेत विधालय स्टाफ छात्र छात्राऐं अभिभावक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दूध के रुपये मांगने पर दूधिया पर जानलेवा हमला



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

देहात थाना क्षेत्र की दरोगा वाली गली में दूधिया के साथ मारपीट करते हुए जानलेवा हमला कर दिया गया। पीड़ित का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने आरोपियों को दिए दूध के रुपये मांग लिए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाने में दर्ज रिपोर्ट में बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव अयादनगर निवासी अरविंद ने बताया कि वह दरोगा वाली गली में उसके द्वारा दिए गए दूध के उधार रुपये मांगने गया था। रात करीब 10 बजे जब वह मोहल्ले में पहुंचा तो विशाल, राहुल, अमित और तोषी ने उसके साथ मारपीट करते हुए उस पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। शोर सुनकर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। देहात थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है

# मसाला फैक्ट्री से उड़ी तीखी मिर्च, लोगों की आंखों में पहुंची,किया हंगामा



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

सदर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित एक मसाला फैक्ट्री से उड़े मिर्च पाउडर ने शनिवार दोपहर को सड़क पर चल रहे लोगों की आंखों में परेशानी कर दी। क्योंकि यह मिर्च का पाउडर लोगों की आंखों में पहुंच गया। जिस वजह से उन्हें सुविधाओं का सामना करना पड़ा दिल्ली रोड पर स्थित चमरी के पास एक मसाला बनाने की फैक्ट्री है। शनिवार दोपहर को अचानक से इस फैक्ट्री से लाल मिर्च का कुछ पाउडर उड़कर हवा के साथ लोगों की आंखों में पहुंच गया। आंखों में लाल मिर्च का पाउडर पहुंचते ही वहां हड़कंप मच गया आनंद फलन में लोग पानी से अपना मुंह और आंख धोते हुए दिखाई दिए। इसके बाद फैक्ट्री में मसाला पीसने का काम कुछ देर के लिए बंद करवाना पड़ा। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों का कहना था कि मसाला फैक्ट्री से आए दिन इसी प्रकार मिर्च का पाउडर पहुंचता रहता है

# नाला व सड़क निर्माण को लेकर कहासुनी पर चिकित्सक को पीटा



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

सदर कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित आवास विकास कालोनी में रहने वाले एक चिकित्सक के साथ कालोनी के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। जिसमें वह घायल हो गए। पीड़ित का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने कालोनी में चल रहे नाली और सड़क निर्माण को लेकर कहासुनी हो गई थी। पुलिस ने पीड़ित चिकित्सक की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैआवास विकास कालोनी में रहने वाले चिकित्सक डाक्टर अबरार ने बताया कि कालोनी में ही नाला और सड़क का निर्माण चल रहा है। इस निर्माण को लेकर कालोनी के रहने वाले कय्यूम, फैजी, शम्मी सैफी और डाक्टर राशिद के साथ उनका विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि सभी ने मिलकर उनके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट कर दी। इस बात की सूचना पीड़ित चिकित्सक ने तत्काल यूपी-112 पर दी पुलिस को मौके पर देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। इस घटना के बाद से चिकित्सक काफी डरा हुआ है। उसने चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। एसएचओ सदर नीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है

# अग्निशमन दिवस पर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, माक ड्रिल सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

अग्निशमन केंद्रों पर रविवार को अग्निशमन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 1944 में बॉम्बे (मुंबई महाराष्ट्र) में हुए एक अग्निकांड में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही लोगों को जागरूक करते हुए जगह-जगह पर पंफलेट वितरित किए गए सीएफओ मनु शर्मा ने बताया कि रविवार को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया। 14 अप्रैल 1944 को बाम्बे के विक्टोरिया डॉक में घटित भयानक अग्नि दुर्घटना में 66 अग्निशमन कर्मियों ने साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था। इस अग्नि दुर्घटना में वीरगति को प्राप्त होने वाले शहीद अग्निशमन कर्मियों की याद में यह दिवस हर वर्ष मनाया जाता है उन्होंने बताया कि इस दिवस के मनाने के साथ ही अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह भी शुरू हो जाता है। इस पूरे सप्ताह अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान दें लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य के हिसाब से ही रविवार को वाहन रैली, चित्रकला-लेखन प्रतियोगिता, मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीद अग्निशमन जवानों को श्रद्धांजलि अपर्ति की। इसके बाद अग्निशमन विभाग की ओर से पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल सहित विभिन्न लोगों को पिन फ्लैग लगाए गए। इसके बाद ही एसपी अभिषेक वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर फायर सर्विस रैली को रवाना किया इस अवसर पर अग्निशमन अधिकारी द्वितीय बिजेंद्र कुमार, सचिन कुमार सहित अग्निशमन विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे

# धूमधाम के साथ मनाई गई बाबा साहेब की जयंती, सुबह से ही डीजे और ढोल-नंगाड़ों की आवाज से गूंजा शहर



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती रविवार को धूमधाम के साथ मनाई गई। सुबह से ही डीजे और ढोल-नंगाड़ों की आवाज से पूरा शहर गूंजायमान हो गया। जगह-जगह पर निकाली गई शोभायात्रा के कारण जाम की स्थिति बन गई थी। लोगों ने मेरठ तिराहा पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यापर्ण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

रविवार को बाबा साहेब की जयंती पर सुबह से ही लोग हाथों में झंडे, बाबा साहेब का चित्र और पुष्प माला लेकर सड़कों पर निकल गए। जगह-जगह पर डीजे और बैंड-बाजे के साथ-साथ ढोल नगाड़े बजते हुए चल रहे थे। जिसमें शामिल लोग बाबा साहेब की जय और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह-जगह नीले रंग का कलर उड़ाते हुए लोग चले जा रहे थे। शहर में लोगों द्वारा शोभायात्रा निकाले जाने के कारण शहर के तहसील चौपला, मेरठ तिराहा पर जाम की स्थिति बन गई। लोगों ने मेरठ तिराहा पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही लोगों को संदेश दिया कि बाबा साहेब ने लोगों को शिक्षित बनने पर जोर दिया था

# थाना धौलाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना धौलाना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को ब्लाक धौलाना के अंदर परिसर में क्षतिग्रस्त बंद पडे भवन से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है थाना धौलाना जनपद हापुड़ उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना धौलाना पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता विजय सिंह पुत्र रामवीर सिंह राजपूत निवासी मोहल्ला छोटा बाजार कस्बा व थाना धौलाना जनपद गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 जब्बार अहमद थाना धौलाना जनपद हापुड 2. उ0नि0 पिन्टू कुमार थाना धौलाना जनपद हापुड 3. का0 738 राहुल

# पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनो की चेकिंग की गयी



हापुड़ संवाददाता लोकजन संदेश अवगत कराना है कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने तथा यातायात व्यवस्था सुचारु रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हापुड़ अभिषेक वर्मा के निर्देशन में समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल व थाना क्षेत्रों के बाजारों, मुख्य चौराहों/मार्गों, भीड़-भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों आदि पर पैदल गश्त करते हुए स्थानीय लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया तथा आमजन से वार्ता कर उनकी समस्यों के बारे में जानकारी की गयी तथा सुरक्षा संबंधी सुझावों का आदान प्रदान किया गया तथा अन्यावश्यक रूप से खड़े/घूम रहे व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए चेकिंग की गयी। साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहकर लगातार पैट्रोलिंग करते रहने तथा सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया। जनपदीय पुलिस द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित निर्धारित स्थानों, हाइवे, अंतरजनपदीय/अन्तर्राज्यीय बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है

# जिले भर में महाउत्सव के रूप में मनाया गया बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का जन्मोत्सव

उरई(जालौन)। संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का 133 वां जन्म दिवस आज जिले भर में धूमधाम से मनाया गया जिला मुख्यालय उरई पर अंबेडकर चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर सुबह से ही राजनीतिक दलों समाजसेवियों अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का सिलसिला शुरू सुबह ही शुरू हो गया था जो शाम तक चलता रहा शिक्षक संगठनों समाजसेवी संगठनों के द्वारा अंबेडकर चौराहे पर भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद लोगों को भोजन दान दिया गया इसके अलावा महिलाओं बच्चों में खास उत्साह देखा गया जिनमें बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने की होड़ देखी गई सुबह से ही सड़कों पर बाबा साहब की झांकियां निकाल कर पूरे माहौल को अंबेडकर में बना दिया गया था जबकि शाम 5 बजे से शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे यह शोभा यात्रा अंबेडकर चौराहे से दल गुंजन पार्क बजरिया रोड होते हुए माहिल तालाब से घंटाघर चौराहा शहीद भगत सिंह चौराहे से करमेर रोड होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज उरई में पहुची जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया।

उरई स्थित अम्बेडकर चौराहे पर लोक निर्माण विभाग 3के कर्मचारियों ने मिलकर बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर टैण्ट लगाया और बडी धूमधाम से भण्डारा कराया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद चखा इस मौके पर इन्जीनियर राजकुमार, अनिल कुमार प्रमोद गौतम सौरभ जाटव अरूण कुमार अजय कुमार बववीके गौतम और अधिशासी अभियन्ता महेंद्र सिंह सहित सभी कर्मचारी मौजूद रहे। अंबेडकर जयंती के अवसर पर करुणामयी महिला संघ टीम भीम राव अम्बेडकर के जन्मोत्सव में राजेंद्र नगर से प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान महिलाएं खूब भीम गायन पर थिरकती नजर आईं, बच्चों ने बाबा साहब के वेशभूषा में अभिनय रूप किया। इस मौके पर प्रभा बौद्ध, अंजू सिंह, कंचन भारती, अकांक्षा बौद्ध,गीता भारती,वंदना गौतम, मीनू गौतम, अर्चना गौतम, गरिमा गौतम, प्रीति गौतम, शिक्षा गौतम, रजनी गौतम, शालनी गौतम, मंजुला गौतम, गीता भारती, रुचि त्यागी, यशोधरा चौधरी दिनकर, कल्पना, नीतू सिंह, रेखा चौधरी, रजनी गौतम, ऊषा बौद्ध, कमला दोहरे, विभा सिंह, उपस्थित रहीं। वही पर लोकनिर्माण विभाग परिवार ने भी भीम भोज का आयोजन किया सभी भीम प्रेमियों को और नागरिकों को पूड़ी सब्जी, व बून्दी खिलाई गई। इस मौके पर लोकनिर्माण विभाग के अभियंता जिनमे राजकुमार, अनिल कुमार, अतुल पाल, राजेन्द्र सिंह, बृजेंद्र कुमार, अरुण कुमार, सौरभ जाटव, प्रमोद गौतम, माहेश्वरी अहिरवार, राकेश पाल, अनिल कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## अधिकारियों,कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सुनाकर लिया संकल्प



कालपी(जालौन)। संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कालपी तथा आसपास के इलाकों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तहसील सभागार कालपी में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक एवं राजस्व अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण करके भारतीय संविधान की प्रस्तावना को सुनाकर संकल्प लिया। इस मौके पर तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, हरदीप सिंह, स्टैनो सलीम खान, अशोक पांडेय, टीपू हाशमी के अलावा लेखपाल व कानून गो के साथ विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। नगर पालिका सभाकक्ष में अधिशासी अधिकारी अवनीश शुक्ला की मौजूदगी में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहब के चित्र में माल्यापर्ण करके भारतीय संविधान पढ़कर अपने कर्तव्यों पर चलने का आवाहन किया। इस मौके पर अकाउंटेंट हरभूषण सिंह चौहान, शिशुपाल सिंह यादव, सरफ़राज खान आदि कर्मचारियों के अलावा सभासदगण मौजूद रहे। नगर के बाईपास हाईवे स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यापर्ण करके उन्हें याद किया। समाजसेवी संस्था न्यू लोक कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश वर्मा के नेतृत्व में सदस्यों ने बाबा साहब की प्रतिमा में माल्यापर्ण किया। इसी प्रकार पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, पूर्व विधायक डॉ. अरुण मल्होत्रा, नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव, अशोक वाजपेई, अमित पांडेय, रविंद्र कोरी, अरविंद सिंह राठौर, हर्षित खन्ना, दिग्विजय सिंह, ब्रह्मा सिंह यादव, राजन सिंह चौहान आदि ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करके नमन किया। इसी प्रकार बसपाइयों ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने उन्हें याद किया। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष जगजीवन अहिरवार, हाशिम अली, राजेश गौतम के अलावा तमाम कार्यकताओं मौजूद रहे।

## पूजा शुक्ला ने डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

कुठौंद(जालौन)। भारतीय संविधान के शिल्पकारभारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ .भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर सर्वसमाज की नेत्री पूजा शुक्ला (नेता जी) ने अंबेडकर पंचशील बुद्ध बिहार कुठौंद में स्वच्छता अभियान चलाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं कुठौंद कस्बा क्षेत्र में सर्वसमाज के जनमानस लोग के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की भव्य शोभ यात्रा निकाली गई , जिसमें, भाजपा नेत्री पूजा शुक्ला जी ने भाइयों, बहिनों को बताया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब भारतीय संविधान के जनक का जन्म – 14/04/1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था वह एक विश्व स्तरीय वकील समाज सुधारक थे जिन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था भारतीय संविधान के जनक ही नहीं देश के पहले कानून मंत्री भी थे 14 अप्रैल को डॉव भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर अंबेडकर दिवस मनाया जाता है इस दिन को अंबेडकर जयंती या भीम जयंती के नाम से भी जाना जाता है , कुठौंद क्षेत्र की मातृ शक्ति की शान जनप्रिय पूजा शुक्ला नेता जी ने अनुसूचित बस्तियों में जाकर महेंद्र सिंह गौतम,अनुराग वर्मा ,रामकेश वर्मा दलित परिवार के यहां जाकर ग्रामीण भाई बहिनों के साथ बैठकर भोजन किया इस अवसर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र चतुर्वेदी, नरेन्द्र महांत (प्रधान) ,अमित गुप्ता,हेमू , प्रदुम्म महांत, श्यामू सोनी , भाजपा पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सर्व समाज के जनमानस लोग उपस्थित रहे ।

## अम्बेडकर चौराहे पर मनाया इंडिया गठबंधन के नेताओं ने बाबा साहब का जन्म दिवस



उरई(जालौन)। बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 133 भी जयंती के अवसर पर जनपद जालौन के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जिसमें प्रदेश सचिव अनुज मिश्रा प्रदेश सचिव संतराम नीलांचल प्रदेश सचिव एवं प्रवक्ता श्री प्रेम नारायण पाल प्रदेश सचिव राहुल राय प्रजापति शहर अध्यक्ष डॉ रेहान सिद्दीकी अयूब अंसारी मेराज सिद्दीकी राजेश बिधौलिया बृजेश पांडे गुड्डू रिजवी अशोक दुबे राजीव नारायण मिश्रा अमित पांडे राजकुमार वर्मा गुलाब खान सीताराम वर्मा ख्वाजा बख्श मंसूरी महिला की जिलाध्यक्ष शकुंतला पटेल राजीव नारायण जितेंद्र मिश्रा अमित पांडे राजू मिश्रा अली रिजवी चांदनी सिद्धांत शुक्ला चौधरी श्याम सुंदर संतोष ठाकुर नफीस पठान माइकल इलाहाबाद बृजेश पांडे आदि लोगों ने भारत केजन जन नायक हृदय सम्राट माननीय राहुल गांधी जी द्वारा देश में समानता संवैधानिक संस्थाओं को बचाए रखने का संकल्प लेते हुए संविधान की रक्षा के लिए बाबा साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया एवं महागठबंधन के प्रत्याशी भाई नारायण दास अहिरवार को जिताकर भ्रष्टाचार में आकंठ डूबीभाजपा को उखाड़ कर केंद्र में भेजने का निर्णय लिया

## भजन सम्राट पं पवन तिवारी को सुन भावविभोर हुए श्रोता

जालौन। जालौन देवी माता मंदिर परिसर में चल रहे चौत्र नवरात्रि महोत्सव के आज पांचवे दिन मध्यप्रदेश के निवाड़ी से पधारे भजन सम्राट पं पवन तिवारी के भजनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जालौन देवी माता मंदिर परिसर में रामपुरा ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह सेंगर के सौजन्य से चल रहे नौ दिवसीय नवरात्रि महोत्सव में पिछले पाँच दिनों से अनवरत मैया का अखण्ड भंडारा चल रहा है जिसमें प्रतिदिन हजारों की संख्या में मंदिर दर्शन करने वाले श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे है व शाम को सात बजे से देश के जाने माने कलाकारों के द्वारा माता रानी का जागरण किया जा रहा है।भजनों की शुरुवात में भजन गायक श्री तिवारी ने मैया खोल किबरियाँ पंडा पड़ो है तेरे द्वारे , राम कहानी सुनो भई राम कहानी व ओ मैया तेने का ठानी मन मे राम सिया भेज दई री वन में सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर तालियाँ बजाने को विवश कर दिया।

## डॉ बी आर अम्बेडकर सामाजिक समिति ने निकाली भव्य शोभायात्रा

कोंच(जालौन)। भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133 बीं जयंती पर दिन रविबार को डॉ बी आर अम्बेडकर सामाजिक समिति ने बिशाल शोभायात्रा नगर में निकालकर बाबा साहब को याद किया यह शोभायात्रा मुहल्ला गांधी नगर स्थित भीम पुस्तकालय से प्रारम्भ हुई और गाजे बाजे के साथ मुख्य मार्ग होते हुए चन्दकुआँ स्टेट बैंक अमरचन्द महेश्वरी इंटर कालेज पॉवर हाउस बजरिया होते हुए कैलिया चुंगी से भारत माता से कैलिया बस स्टैंड होते हुए छावला की पुलिया से पुन: अमर चन्द्र इंटर कालेज होते हुए स्टेट बैंक लवली चौराहा से नईबस्ती होते हुते रामगंज बाजार से नगर पालिका कार्यालय होते हुए सागर चौकी से पुन: गांधी नगर स्थित भीम पुस्तकालय पर बिश्रामित हुई शोभायात्रा का नगर में कई जगह भव्य स्वागत किया गया जिसमें भण्डारा जल पान आदि की व्यबस्था की गई शोभायात्रा में महान पुरुषों के चित्र भी झांकी स्वरूप सजाए गए थे जो शोभायात्रा साथ साथ चल रहे थे जिनमें प्रमुख रूप से महात्मा गौतम बुद्ध सन्त शिरोमणि रविदास जी महाराज महर्षि बाल्मीकि ज्योतिबा बाई फुले आदि के चित्र शोभायात्रा में शोभायमान हो रहे थे कार्यक्रम में कार्यक्रम प्रवन्धक जीतेन्द्र राय ने उनके ससंस्मरणों को याद करते हुए बताया कि बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश राज्य के महू नगर सेन छावनी में हुआ था वह रामजी मालो जी सतपाल और भीमाबाई को चौदहवीं सन्तान थे और उनका परिवार कबीर पंथ को मानने वाला मराठी मूल का था और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में आंबडवे ग्राम के निवासी थे बाबा साहब ने गरीब मजलूम और दबे कुचले लोगों के लिए जीबन भर कार्य किया और उनके हित में लड़ाई लड़ते रहे बाबा साहब ने जाति प्रथा को खत्म करने की भरपूर बकालत की और 29 अगस्त 1947 को संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया जिन्हें संविधान निर्माता माना जाता है इसी कड़ी में कई बक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान इंडिया गठबंधन के लोक सभा प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार प्रधानाचार्य ओम प्रकाश व स पा नगर अध्यक्ष सभाषद महेंद्र सिंह कुशवाहा अखण्ड प्रताप अवधेश चौधरी राम सेवक



चौधरी नीरज चौधरी महेंद्र चौधरी आशीष दुबे उरई अंकित चौधरी उरई सतीश चौधरी राजाबाबू पत्रकार मनोज अहिरवार एडबोकेट उदय अहिरवार नईम कोमल सिंह उपेंद्र चन्देल ईश्वर दयाल नेपाल सिंह चमन चौधरी नीतेश महंत नगर नीलू गौतम रविन्द्र धीरू गुलेंटे अहिरवार बीरेंद्र पत्थर वाले पूर्व सभाषद उमाचरण कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे वहीं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए शासन प्रशासन चप्पे चप्पे पर मुस्तेद रहा।

## जन अधिकार समिति ने डगरूपुरवा में अंबेडकर जी का मनाया जन्मोत्सव



कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत डगरू पुरवा में डॉक्टर भीमराव मानव अधिकार समिति के द्वारा पढ़े ही धूमधाम के साथ भारतीय संविधान के शिल्पकारभारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ .भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर अंबेडकर प्रतिमा के पास स्वच्छता अभियान चलाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं क्षेत्र में सर्वसमाज के जनमानस लोग के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की भव्य शोभा यात्रा निकाल कर बड़े ही उत्साह के साथ जन्म उत्सव मनाया गया , जिसमें डॉक्टर भीमराव मानव जन अधिकार समिति संचालक वीर सिंह ने भाइयों, बहिनों को बताया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब भारतीय संविधान के जनक का जन्म – 14/04/1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था वह एक विश्व स्तरीय वकील समाज सुधारक थे जिन्होंने आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था भारतीय संविधान के जनक ही नहीं देश के पहले कानून मंत्री भी थे 14 अप्रैल को डॉव भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर अंबेडकर दिवस मनाया जाता है इस दिन को अंबेडकर जयंती या भीम जयंती के नाम से भी जाना जाता है ,इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि गंभीर सिंह कुशवाहा, डॉक्टर भीमराव मानव जन अधिकार समिति के संचालक वीर सिंह पहारिया, अध्यक्ष बाबूसिंह, उपाध्यक्ष विनोद कुमार ,सचिव ब्रजेश कुमार गौतम, कोषाध्यक्ष भीम प्रकाश गौतम, सदस्य गण करण सिंह, अनिल कुमार सिंह, श्रीनिवास, राहुल, रमेश बाबू, दयाल सिंह दोहरे, सिद्धार्थ कुमार गौतम, बुद्ध सिंह, करण सिंह, अनिल कुमार सिंह एवं समस्त ग्रामवासी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सर्व समाज के जनमानस लोग उपस्थित रहे !

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती

कोंच(जालौन)। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल दिन रविवार को भाजपा नगर इकाई ने मुहल्ला गोखले नगर स्थित डॉ अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनायी कार्यक्रम में आयोजित गोष्ठी में बोलते हुए माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने डॉ अम्बेडकर के विचारों को जन जन तक पहुचाने का कार्य किया है डॉ अम्बेडकर ने अपने ज्ञान के माध्यम से विश्व को नई दिशा दिखाई हैं उन्होंने उस समय विभिन्न कठिनाइयों का सामना किया एवं जातिगत भेदभाव और छुआछूत जैसी समस्याओं से लड़कर शिक्षा के माध्यम से विश्व मे अपनी पहचान बनाई हम सबको उनके मार्ग का अनुसरण करना चाहिए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में सामाजिक न्याय आर्थिक न्याय और प्रजातंत्र किस तरह मजबूत हो सकता है इसकी नीव उन्होंने सविंधान के माध्यम से रखी थी आज भारत जो तीव्र गति से आगे बढ़ा है, इसमें उनका बहुत बड़ा योगदान है जिन्होंने सारे समाज को एकत्र करके एक साथ आगे बढ़ाने में संवैधानिक ढांचे में उसकी व्यवस्था की थी और आंबेडकर को अगर सच्चे मायने में याद करना हो तो उनके बताए हुए रास्ते पर चलना होगा ये सब हम लोगों की जिम्मेदारी है और भाजपा उनकी नीतियों पर चलते हुए आगे बढ़ रही है विधायक ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा जितने भी कार्यक्रम किए जा रहे हैं, वो



सामाजिक न्याय की ओर जाते हैं, आर्थिक सुदृढ़ीकरण की ओर जाते हैं और वो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सशक्तिकरण की ओर ले जा रहे हैं इस दौरानकार्यक्रम संयोजक राकेश वर्मा,सह संयोजक प्रदीप वर्मा विधायक मूलचन्द्र निरंजन नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया राजेश्वरी यादव मिरकु महाराज ओ पी कुशवाहा मनीष नगरिया विक्रम राठौर विनोद सोनी विकार अहमद दंगल यादव सौरभ पुरवार मुकेश राठौर राहुल कुशवाहा किशन यागयिक विकास पटेल पडरी शैलेन्द्र सोनी शिव सिंह कुशवाहा श्याम किशोर गुर्जर,अमित उपाध्याय राघवेंद्र निरंजन गौरव तिवारी अनिल वर्मा मौजूद रहे।

## संपादकीय


# ताश के पत्तों जैसी राजनीति

बताते हैं कि ताश के खेल में यह होता है कि खिलाड़ी ने अगर एक बार कोई पत्ता फेंक दिया तो फिर वह उसे वापस नहीं ले सकता। जैसे कई बार बाजी हाथ से निकल जाती है, वैसे ही पत्ता भी हाथ से निकल जाता है। हालांकि यह कोई तीर नहीं होता कि कमान से छूटा तो वापस लौटकर नहीं आता। पत्ता ही होता है, लेकिन आप चाहकर भी उसे वापस नहीं ले सकते। इस तरह वह उस बीते हुए वक्त की तरह होता है, जो लौटकर वापस नहीं आता। लेकिन राजनीति में ऐसा नहीं होता। राजनीति में आप अपना पत्ता वापस ले सकते हैं और उसकी जगह दूसरा पत्ता चल सकते हैं, अर्थात ्‌ अपना उम्मीदवार वापस ले सकते हैं और उसकी जगह दूसरे उम्मीदवार को मैदान में उतार सकते हैं। यह खेला इधर खूब हो रहा है। राजनीति में अब खेला ही होता है और इसका श्रेय ममता बनर्जी को देना चाहिए जिन्होंने बंगाल के पिछले विधानसभा चुनाव में डायलॉग मारा कि खेला होबे। खेला होबे, शोले के अरे ओ सांबा की तरह एकदम हिट गया है। खैर जी, राजनीति में यह खेला खूब हो रहा है। हालांकि राजनीति की ताश के खेल से तुलना आज तक हुई नहीं है। ज्यादा से ज्यादा इसकी तुलना शतरंज से की जा सकती है। क्योंकि वह भी वैसे ही खेला जाता है, जैसे युद्ध लड़ा जाता है। लेकिन जैसे शतरंज में राजा और वजीर वगैरह होते हैं, वैसे ही ताश में भी बेगम बादशाह तो होते ही हैं। लेकिन इसमें गुलाम भी होता है, जिसे अक्सर जोकर कह दिया जाता है। राजनीति में अपने विरोधी को अक्सर जोकर भी कहा जाता है। अलबत्ता जब मंत्रिमंडलों में फेरबदल होता है तो लोगों को जरूर ताश का खेल याद आ आता है कि लो जी, ताश के पत्तों की तरह से फिर फेंट दिया मंत्रिमंडल को। वैसे राजनीति में ताश की तरह ही तुरुप का पत्ता भी होता है। कभी कोई मुद्दा तुरुप का पत्ता बन जाता है तो कभी कोई नेता ही तुरुप का पत्ता बन जाता है। ताश में और भी कई तरह के खेल होते हैं। राजनीति में भी कई तरह के खेल होते हैं। जैसे इधर भाजपा अपने हाथ में ऐसे पत्ते जोड़ने में लगी है, ताकि बाजी उसके हाथ रहे। ताश में मनोवैज्ञानिक तौर-तरीके भी खूब चलते हैं और कमजोर पत्तों के बावजूद हारने वाला भी जीतने जैसे हाव-भाव दिखाता रहता है। राजनीति में इसे वार ऑफ नर्व्स कहा जाता है। मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने, बढ़त बनाने की कोशिश की जाती है। तो जनाब राजनीति में भी ताश की तरह ही तरह-तरह के खेल होते हैं। लेकिन ऐसा कभी नहीं होता कि एक बार पत्ता फेंक दिया तो उसे वापस लेकर दूसरा पत्ता चल दो। जबकि राजनीति में इधर तो ऐसा खूब हो रहा है। नहीं क्या ?1

# दाखिले में झंझटों से राहत की सिंगल विंडो

कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट यानी सीयूईटी यूजी की शुरुआत साल 2022 में हुई थी ताकि पूरे देश के केंद्रीय, राज्य, डीम्ड व प्राइवेट विश्वविद्यालयों में एडमिशन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा सके। मेडिकल व इंजीनियरिंग में प्रवेशों की तरह ही यूजीसी अब सीयूईटी यूजी स्कोर्स पर आधारित अंडर ग्रेजुएट प्रवेशों के लिए भी कॉमन काउंसलिंग के आयोजन के बारे में सोच रही है। अगर यह लागू होता है तो एक केंद्रीकृत प्रवेश प्लेटफार्म हो जायेगा, जिससे छात्रों को एक पोर्टल पर ही अपनी पसंद देने का अवसर मिल जायेगा बजाय इसके कि अलग-अलग अनेक विश्वविद्यालयों में अप्लाई किया जाये। सीयूईटी यूजी के लिए 2023 में 14.9 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन हुए थे। इस साल यह प्रवेश परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जायेगी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ़ पंजाब, बठिंडा के उप-कुलपति आरपी तिवारी का कहना है, आमतौर से टॉप-रैंकिंग छात्र, जो अच्छा स्कोर करते हैं, इंस्टिट्यूट में प्रवेश लेकर सीट ब्लॉक कर देते हैं। जब उन्हें अन्य विश्वविद्यालयों में बेहतर विकल्प मिल जाते हैं, तो वे पिछली सीट छोड़ देते हैं। खाली सीटों को भरने के लिए संस्था को काउंसलिंग के कई चक्र आयोजित करने पड़ते हैं। जब नये छात्र थोड़ा देर से ज्वाइन करते हैं तो कॉलेजों को उनकी मदद करने के लिए टीचिंग प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है। काउंसलिंग की एकल-खिड़की न केवल सीटों की बर्बादी पर विराम लगायेगी बल्कि सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करेगी। अगर काउंसलिंग अलग-अलग संस्थाओं द्वारा की जायेगी तो एकल-खिड़की परीक्षा का उद्देश्य ही खत्म हो जाता है। एकल-खिड़की काउंसलिंग से छात्रों पर बोझ भी कम हो जायेगा। तिवारी के अनुसार, सीयूईटी यूजी नतीजे घोषित होने के बाद छात्रों को प्रवेश हेतु अनेक संस्थाओं में अप्लाई करना पड़ता है और हर जगह फीस भी जमा करनी होती है। एकल प्लेटफार्म से छात्रों को एक बार ही फीस देनी होगी। वहीं सभी छात्रों के लिए कॉमन मेरिट लिस्ट होगी। गौरतलब है कि कॉमन काउंसलिंग का विचार दो वर्ष पहले रखा गया था, लेकिन पर्याप्त तैयारी न होने की वजह से इसे लागू न किया जा सका। दरअसल, एनटीए ने शुरू में खुद ही विकेंद्रीकृत काउंसलिंग करने का एक प्रस्ताव रखा था; क्योंकि वह इतने विशाल पैमाने पर परीक्षा आयोजन करने का अनुभव प्राप्त करना चाहता था।सीयूईटी यूजी लागू करने के पहले वर्ष में बहुत काम था जिसे सही से करना आवश्यक था। यूजी प्रोग्राम में विषय व कॉम्बिनेशन बहुत अधिक हैं। बहरहाल, तिवारी का मत है कि कॉमन काउंसलिंग के संदर्भ में उच्चस्तर पर वार्ता चल रही है और प्रबल संभावना है कि इसे इसी साल से लागू कर दिया जाये। इसके बावजूद ऐसी व्यवस्था को पूर्णतः लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों व चिंताओं को संबोधित करना आवश्यक है।

# गाय से दूध के साथ अब इंसुलिन दुहने की तैयारी



आनुवंशिक रूप से परिवर्तित गाय ने अपने दूध में मानव इंसुलिन के लिए आवश्यक प्रोटीन का उत्पादन किया है और वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि मवेशियों के झुंड एक दिन दुनिया की इंसुलिन आपूर्ति समस्याओं को हल कर सकते हैं। हालांकि गायों के जरिये इंसुलिन उत्पादन को व्यावसायिक स्तर पर लाने में अभी वक्त लगेगा। शोधकर्ताओं का मानना है कि गाय-आधारित इंसुलिन वर्तमान इंसुलिन उत्पादन विधियों को मात दे सकती है,जो आनुवंशिक रूप से संशोधित यीस्ट यानी खमीर और बैक्टीरिया पर निर्भर हैं। दुनिया भर में डायबिटीज के लाखों रोगियों के लिए इंसुलिन तक पहुंच एक निरंतर संघर्ष है।

**इंसुलिन फैक्टरी बन सकती हैं ये खास गायें**

इंसुलिन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए दुनिया के वैज्ञानिक हाई-टेक प्रयोगशालाओं के अलावा दूसरे स्रोतों से भी इंसुलिन प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। वैज्ञानिकों का ध्यान अब गायों की तरफ गया है। आनुवंशिक रूप से संशोधित गायें इंसुलिन फैक्टरी बन सकती हैं। एक नए अध्ययन के अनुसार, आनुवंशिक फेरबदल के बाद गाय ने मानव इंसुलिन युक्त दूध का उत्पादन किया है। इस उपलब्धि को अंततः बढ़ा कर जीवन-रक्षक दवा की आवश्यकता वाले भी डायबिटीज रोगियों के लिए कम लागत पर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन किया जा सकता है।

**15-20 करोड़ लोगों को चाहिये इंसुलिन खुराक**

टाइप 1 डायबिटीज रोगियों को जीवित रहने के लिए इंजेक्शन की आवश्यकता होती है। कुछ टाइप 2 डायबिटीज रोगियों को भी इंसुलिन लेनी पड़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि दुनिया भर में 15 करोड़ से 20 करोड़ लोगों को इंसुलिन की आवश्यकता होती है। उनमें से केवल आधे का ही इंसुलिन के साथ इलाज किया जा रहा है। कई निम्न और मध्यम आय वाले देशों और कुछ उच्च आय वाले देशों में इंसुलिन तक पहुंच अपर्याप्त है।

**दो विश्वविद्यालयों का साझा शोध**

इंसुलिन की कमी दूर करने के लिए अमेरिका के इलिनॉय विश्वविद्यालय और ब्राजील के साओ पावलो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने मिलकर गाय-आधारित 'बायोफैक्टरी' का निर्माण किया है। शोधकर्ताओं ने नियमित ब्राजीलियाई गायों के गर्भाशय में प्रत्यारोपित दस गाय भ्रूणों की कोशिकाओं में इंसुलिन के प्रारंभिक रूप,प्रोइंसुलिन के लिए मानव डीएनए कोडिंग का एक खंड डाला। प्रत्यारोपण के परिणामस्वरूप एक ट्रांसजेनिक बछड़ी का जन्म हुआ। 'ट्रांसजेनिक' शब्द से अभिप्राय एक ऐसे जीव से है जिसमें किसी असंबद्ध जीव से कृत्रिम रूप से लाया गया डीएनए शामिल होता है। ट्रांसजेनिक बछड़ी के दूध में प्रोइंसुलिन का उत्पादन करने की अद्भुत क्षमता है।

**प्रक्रिया बेहतर, पैमाना बड़े करने के प्रयास**

अध्ययन के मुख्य लेखक मैट वीलर ने कहा कि गाय की स्तन ग्रंथि में प्रोटीन उत्पादन की गजब की काबिलियत है। हम इस प्राकृतिक प्रणाली को कुछ ऐसा बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं जिससे लाखों लोगों को लाभ हो सके। शोधकर्ता अब इस प्रक्रिया को परिष्कृत करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका लक्ष्य ऐसे ट्रांसजेनिक बैल बनाने का है जो इंसुलिन-उत्पादक गुणों को आगे प्रसारित कर सकें ताकि इंसुलिन उत्पादन के लिए गायों का एक समर्पित झुंड तैयार किया जा सके। वीलर ने बताया कि एक गाय,जो प्रति लीटर दूध में केवल एक ग्राम इंसुलिन का उत्पादन करती है,एक चौंका देने वाली मात्रा उत्पन्न कर सकती है। यह मात्रा हजारों इंसुलिन यूनिट्स के बराबर है। एक सामान्य डेयरी फार्म के आकार का गायों का एक छोटा झुंड पूरे देश को आपूर्ति करने के लिए पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन कर सकता है। दूसरे शब्दों में यह मात्रा टाइप 1 डायबिटीज वाले व्यक्ति के लिए लगभग आठ साल तक इंसुलिन की आपूर्ति करने के लिए पर्याप्त है। इस विधि के कई लाभ हैं।

**मौजूदा डेयरी इन्फ्रास्ट्रक्चर का होगा फायदा**

जटिल मशीनरी और बैक्टीरिया पर निर्भर पारंपरिक तरीकों के विपरीत,गाय-आधारित इंसुलिन उत्पादन मौजूदा डेयरी बुनियादी ढांचे का लाभ उठा सकता है। हालांकि अभी भी कुछ बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना बाकी है। इसके लिए एफडीए का अनुमोदन और एक कुशल शुद्धिकरण प्रणाली का निर्माण आवश्यक है। फिर भी उच्च तकनीक सुविधाओं की तुलना में गाय-आधारित इंसुलिन गेम-चेंजर होसकती है।इंसुलिन और डायबिटीज में इसकी भूमिका पहली बार 1921 में खोजी गई थी। साल 1921 में फ्रेडरिक बैंटिंग नामक कैनेडा के एक युवा सर्जन और उनके सहायक चार्ल्स बेस्ट ने कुत्ते के अग्नाशय से इंसुलिन निकालने का तरीका खोजा। तब उनके इस प्रयोग पर संदेह करने वाले सहकर्मियों को यह नहीं पता था कि इस गंदे से मिश्रण से एक दिन डायबिटीज से पीड़ित लाखों लोगों को जीवन मिलेगा। बैंटिंग और बेस्ट ने इस मिश्रण के साथ गंभीर डायबिटीज से पीड़ित एक और कुत्ते को 70 दिनों तक जीवित रखा। इस सफलता के बाद दोनों शोधकर्ता,अपने सहकर्मियों जे.बी.कोलिप और जॉन मैक्लॉयड की मदद से एक कदम आगे बढ़े। इस बार उन्होंने मवेशियों के अग्नाशय (पैंक्रियास) से इंसुलिन का अधिक परिष्कृत और शुद्ध रूप विकसित किया। जनवरी 1922 में टोरंटो अस्पताल में मरणासन्न 14 वर्षीय लड़का लियोनार्ड थॉम्पसन इंसुलिन का इंजेक्शन पाने वाला पहला व्यक्ति बना। केवल 24 घंटों के भीतर लियोनार्ड का खतरनाक हाई ब्लड शुगर का स्तर लगभग सामान्य स्तर तक गिर गया। कई वर्षों तक डायबिटीज के रोगियों का इलाज मवेशियों और सूअरों के अग्नाशय से प्राप्त इंसुलिन से किया जाता रहा। साल 1978 में आनुवंशिक रूप से इंजीनियर किए गए ई.कोलाई बैक्टीरिया से प्राप्त प्रोटीन का उपयोग करके पहली 'मानव' इंसुलिन तैयार की गई जो बैक्टीरिया के बजाय यीस्ट (खमीर) का उपयोग करने वाली समान प्रक्रियाओं के साथ आज तक मेडिकल इंसुलिन का मुख्य स्रोत है। शरीर में इंसुलिन अपने सक्रिय रूप में परिवर्तित होने से पहले, अपने प्रारंभिक प्रोटीन रूप, प्रोइंसुलिन के रूप में जीवन शुरू करती है। आज डायबिटीज रोगियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला इंजेक्शन मानव इंसुलिन जीन के प्रयोगशाला-निर्मित रूप को बैक्टीरिया के डीएनए में सम्मिलित करके निर्मित किया जाता है। बड़े फर्मेंटेशन टैंकों में रखे गए बैक्टीरिया मानव इंसुलिन का उत्पादन करने के लिए इस जीन का उपयोग करते हैं।

# बड़ोग की वो सुरंग, जिसके सिरे कभी नहीं मिले




हिमाचल के सोलन स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बड़ोग अपनी प्राकृतिक सुंदरता व जलवायु के चलते पर्यटकों को बेहद पसंद है। प्रतिवर्ष लाखों टूरिस्ट बड़ोग आते हैं। यहां कई नामी होटलों के अलावा देश की नामी हस्तियों के आशियाने भी हैं। हालांकि बड़ोग का परिचय यहीं तक पूरा नहीं हो सकता। बड़ोग एक ब्रिटिश इंजीनियर का नाम था, जिसके नाम पर सोलन के इस रमणीक स्थान का नाम बड़ोग पड़ा। इसके नामकरण के पीछे एक दुखद इतिहास छिपा है। इंजीनियर बड़ोग की आत्महत्या के बाद इस स्थान का नाम बड़ोग रख दिया गया, जिससे वह ताउम्र जिंदा रहेंगे।

**अति उत्साह में हुई अलाइनमेंट की चूक**

कालका-शिमला रेलवे ट्रेक को बनाने का जिम्मा इंजीनियर बड़ोग पर था। बड़ोग ने पहाड़ पर दक्षिणी और उत्तरी सिरे से जब सुरंग खोदने का काम शुरू किया तो सुरंगों के सिरे नहीं मिले लेकिन इसी असफलता ने बड़ोग को अमर कर दिया। पहाड़ में सुरंग खोदने के लिए दक्षिणी और उत्तरी दोनों सिरों से इंजीनियर बड़ोग ने सुरंग का काम शुरू करवाया। पहाड़ी क्षेत्रों की इंजीनियरिंग कला में माहिर बड़ोग के भीतर शिमला तक रेल लाइन बिछाने की काफी जल्दी थी। अति उत्साह में बड़ोग पहाड़ की एलाइनमेंट में चूक गए। इन दोनों सुरंगों के सिरे आपस में नहीं मिले। लोग बताते हैं कि एक-एक सुरंग की उतनी खुदाई हो चुकी थी, जितनी से दोनों सिरों को मिलाना था। 80-80 फीसदी सुरंग का काम होने पर भी सुरंगों के किनारे एक-दूसरे से नहीं मिले।

**पश्चाताप**

कहते हैं कि इस सुरंग के निर्माण में काफी राशि खर्च हो चुकी थी और अन्य नुकसान इसमें झेलने पड़े थे। अंग्रेजी सरकार ने इस चूक के लिए इंजीनियर बड़ोग पर एक रुपए जुर्माना लगा दिया। कर्नल बड़ोग निराश हो गये। उनके मन में विचार आ गया कि 'मैं कैसा इंजीनियर हूं, जिसने सरकारी पैसे को बर्बाद किया और जो मज़दूर कार्य करते समय दब कर मर गए, उन सबका मैं ही जिम्मेदार हूं। नुकसान की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए बड़ोग ने पहले अपने पालतू कुत्ते और बाद में खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। हालांकि ऐसा कदम सही पश्चाताप नहीं हो सकता, पर आत्मग्लानी और उच्च नैतिक आदर्शों का पालन करते हुए बड़ोग ने यह कदम उठाया।

**कालका-शिमला सेक्शन की सबसे लंबी सुरंग**

इंजीनियर बड़ोग की मौत के बाद चीफ इंजीनियर एचएस हैरिंग्टन ने इसे नए सिरे से आरंभ कर सुरंग को बनाया, जिसकी लम्बाई 1143 मीटर है। यह कालका-शिमला सेक्शन की सबसे लंबी सुरंग है। इस कार्य में सोलन जिला की पर्यटन नगरी चायल के समीप गांव झाझा निवासी बाबा भलकू (आध्यात्मिक साधू) ने हैरिंग्टन की काफी मदद की। बड़ोग सेक्शन का सबसे स्वच्छ सुंदर स्टेशन है। यहां पहले भाप इंजन के लिए कोयला व पानी की पर्याप्त सुविधा थी और अधिकारियों ने अपना विश्राम गृह भी बनवाया।

**इंजीनियरिंग का एक अनूठा नमूना**

बड़ोग स्टेशन काफी ऊंची पहाड़ियों के आगोश में बना है जहां गर्मियों में पर्यटक काफी आते हैं। लार्ड कर्जन के समय में पहली गाड़ी 9 दिसंबर 1906 को शिमला पहुंची। यह सेक्शन इंजीनियरिंग का एक अनूठा नमूना है। इसीलिए इसे यूनेस्को ने वर्ष 2008 में विश्व धरोहर में शामिल किया। इस सेक्शन पर चलने वाली हर अप-डाउन गाड़ी 10 मिनट का ठहराव लेती है क्योंकि यात्रियों को भोजन एवं चाय-नाश्ता की सुविधा भी उपलब्ध है। यात्री फोटोग्राफी भी काफी करते हैं। बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग भी बड़ोग में हो चुकी है। फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने हाल ही में अपनी फिल्म 'मैट्रो इन दिनों' की शूटिंग की।बड़ोग ने जिस सुरंग के दोनों सिरों को मिलाने का प्रयास किया, भले ही वह प्रयास सफल न रहा, लेकिन सुंरग के दक्षिणी व उत्तरी सिरे अभी भी मौजूद है। उसी भव्यता में, उसी शैली में जैसे बड़ोग छोड़ गया था।

**गुमनाम ही रहा दक्षिणी सिरा**

दक्षिणी सिरा कुमारहट्टी के समीप वर्तमान में निजी स्वामित्व वाली भूमि पर है। इस पर आज तक किसी का ध्यान नहीं गया, जो भी आते हैं वह उत्तरी सिरे को बड़ोग सुरंग मान लेते थे। कहते हैं कि यह वह सिरा है, जिसे पहले खुदवाना प्रारंभ किया था। आज दक्षिणी सिरे की टनल लगभग 100 मीटर के बाद बंद कर दी गई है। फिर भी भीतर जाने पर उसकी भव्यता मौजूद है। उसी सूरत में ऊपर का हिस्सा जैसे कटा था, तीखी नुकीली चट्टानें, एक बूंद भी रिसता पानी नहीं। भीतर जाकर अहसास होता है कि कैसे सीमित संसाधनों में मजदूरों ने इन सख्त पत्थरों को काटा होगा। यह सिरा कालका-शिमला नेशनल हाईवे से महज 10 मिनट चलकर दिखता है। अधूरी सुरंग का दक्षिणी सिरा इसलिए गुमनामी में रहा, क्योंकि नई बड़ोग सुरंग निकाल गई। इससे बड़ोग की अधूरी सुरंगों की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया। उत्तरी सिरे पर इंजीनियर बड़ोग ने सुसाइड किया था, यहां बड़ोग और उसके कुत्ते की कब्र थी। इसलिए उत्तरी सुरंग लोगों की नजर में रही। दक्षिणी सुरंग आजादी के बाद निजी स्वामित्व में आ गई व गुमनामी ने चली गयी।

**उत्तरी छोर ही रहा मालूम**

उत्तरी सिरा हिस्सा बड़ोग रेलवे स्टेशन से 1700 मीटर की दूरी पर स्थित है। आज भी यह भाग करीब 300 मीटर कायम है। करीब 120 साल पुरानी सुरंग का यह हिस्सा बिल्कुल तैयार किया हुआ है। इसके अंदर ठंडा पानी उपलब्ध है। यहां से पाइप लाइन के जरिये बड़ोग रेलवे स्टेशन तक पानी पहुंचाया जाता रहा है। कहते हैं इसी स्थान पर बड़ोग ने पहले अपने कुत्ते और फिर खुद को गोली मारी थी।

**बाबा भलकू बने अंग्रेज इंजीनियरों के मार्गदर्शक**

कालका से शिमला तक चलने वाली छुक-छुक रेलगाड़ी का ट्रैक बनाने में जब अंग्रेज इंजीनियरों के पसीने छूट गए थे तो उनकी मदद स्थानीय अनपढ़ इंजीनियर बाबा भलकू ने की थी। उसने अंग्रेजों को पटरी बिछाने का जो रास्ता दिखाया था, उस पर चल कर रेल ट्रैक बिछाया गया और केंद्रीय सत्ता के गलियारे शिमला की पहाड़ियों तक पहुंच गए। वर्ष 2008 में इस ट्रैक को यूनेस्को ने वर्ल्ड हैरिटेज सूची में शामिल किया।विशेष धरोहर वाली सूची में कालका-शिमला रेलवे को स्थान दिया गया। कालका से शिमला तक खूबसूरत पर्वतीय क्षेत्र में 96.6 किलोमीटर रेलमार्ग पर 2 फुट 6 इंच चौड़ी नैरोगेज लाइन बिछाई गई। इस ट्रैक पर 9 दिसंबर 1906 को पहली बार यह रेललाइन यातायात के लिए खोली गई।

## धूमधाम से मनाई गई भीमराव अंबेडकर की जयंती



लोकजन संदेश
कानपुर देहात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शिवली थाना क्षेत्र के लोधौरा गाँव में बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया । वही इस उपस्थित युवाओं से बाबासाहेब के आदर्शों को अपनाने के लिए कहा गया । लोधौरा गाँव मे अम्बेडकर पार्क में युवाओं ने एकत्र होकर बाबा साहब को 133वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई । इस दौरान प्रशासन भी उपस्थित रहा । वही माल्यार्पण में पहुचे अवधेश कोरी ने बाबा साहब का माल्यार्पण किया । इस दौरान राम नरेश, अश्वनी , अर्जुन , रोहित ,अभिषेक आदि लोग उपस्थित रहे।

## बाबा साहब की जयंती में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन



अमन सिंह
बिधनू - विकास खंड बिधनू के ग्राम बिधनू में रविवार को भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इसी क्रम में बिधनू में भी बाबा साहब की जयंती में उनको याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए।इसके उपरांत भीम संगठन के नव युवकों के द्वारा भीम भोज का भी आयोजन कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेंद्र कुमार, संतोष कुमार,ठाकुर प्रसाद , दिनेश कुमार सहित अन्य क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## विरायमपुर सतघरा में ग्रामीणों ने लगाया चुनाव बहिष्कार का बैनर, बीते 14 दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीण

भोगांव थाना क्षेत्र के ग्राम विरायमपुर सतघरा में रेलवे क्रॉसिंग बंद किए जाने से नाराज ग्रामीण धरने पर बैठ गए। और पूर्व की भांति क्रॉसिंग खोले जाने की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर चुनाव बहिष्कार का बैनर भी लगा दिया। आपको बताते चलें कि विरायमपुर सतघरा रेलवे पटरी के दोनो ओर बसा हुआ है। पूरब में ज्यादा आबादी रहती है। जबकि पश्चिम में रेलवे पटरी के दूसरी ओर सरकारी स्कूल, एवं पंचायत घर बना हुआ है। साथ ही राशन डीलर की दुकान व शमशान घाट भी पटरी के दूसरी ओर बना हुआ है। गांव में बनी वर्षों पुरानी रेलवे क्रॉसिंग को रेलवे विभाग ने बंद कर दिया। और दूसरी ओर जाने के लिए डेढ़ किलोमीटर दूर अंडर पाल पुल बना दिया। ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता है और फिर डेढ़ किलोमीटर वापस आकर स्कूल, राशन डीलर, पंचायत घर या शमशान के लिए जाना पड़ता है। जिस रेलवे पटरी को पार कर ग्रामीण मात्र चार कदम की दूरी पर बने स्कूल आदि में पहुंच जाते थे अब उन्हें तीन किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। जिसको लेकर नाराज ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का बैनर लगा दिया और टेंट आदि लगाकर धरने पर बैठ गए। पिछले 13 दिनों से लगातार ग्रामीण रेलवे विभाग द्वारा बंद की गई वर्षों पुरानी रेलवे क्रॉसिंग को खोले जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। ग्राम प्रधान ब्रजनाथ सिंह, सुधीर सिंह, जीसुखलाल, बादाम सिंह, छोटेलाल, राधेश्याम, भूप सिंह, आशाराम उर्फ पप्पू, हरी सिंह, भीकम सिंह, रामबिलास, राम सिंह, विपिन समेत एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की मांग है कि जब तक क्रॉसिंग को खोला नहीं जाएगा तब तक इसी तरह धरना प्रदर्शन और चुनाव का बहिष्कार जारी रहेगा। यदि चुनाव बहिष्कार को लेकर प्रशासन ने सख्ती बरती तो उनका वोट नोटा में जाएगा।

## संविधान निर्माता की जयंती पर सपा जिला कार्यालय पर गोष्ठी कर याद किये गए



चेतन जैन
इटावा रविवार आज समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सविंधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने की गोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक राघवेन्द्र गौतम, ने अपने विचार रखे बारी -बारी से समाजवादियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सँविधान निर्माता की जयंती पर याद किया एव उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।इस दौरान सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब के बनाये संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा सरकार संविधान को समाप्त कर देश में अराजकता का माहौल पैदा करना चाहते है। इस अवसर पर लाखन सिँह जाटव , उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, बरिष्ठ नेता के के यादव , उदयभान सिंह यादव , उमेश राजपूत डुल्ले विधानसभा अध्यक्ष,जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता,शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी ,ब्रजेन्द्र यादव, रमेश यादव, प्रवीन कुशवाह, दीपी सिंह, रामबेटी गोयल,सरिता सिंह,रविंद्र यादव प्रधान सूरजपाल सिंग राजपूत, सीताराम कश्यप , उपदेश मिश्रा, लल्ला सिंह कठेरिया, जिलाध्यक्ष छात्र सभा, रवि यादव विधायक, लोहिया वाहिनी किशन यादव , यूथ बिग्रेड नरेंद्र पाल युवजन सभा आदित्य गोविन्द , अल्पसंख्यक सभा फरहान शकील ,अखिलेश वर्मा ,अम्बेडकर वाहिनी अशोक जाटव, प्रदीप सोनी,एडवोकेट राजू यादव,देवेंद्र भदौरिया, दीपक पाल,मोनू अग्निहोत्री, अख्तर कफील, राकेश यादव, अरविन्द यादव, अभिषेक यादव, मो0 अख्तर, सुखवीर यादव ,गिरेंद्र यादव, शिव कुमार निषाद, एस सी एस टी प्रकोष्ठ रुपेश कठेरिया,अंकुर यादव, पप्पू यादव आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की मनाई जयंती



लोकजन संदेश/ पुष्पेन्द्र कुमार
कानपुर देहात सिकंदरा भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के युवा नेताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। भाजपा नेताओं ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। युवा समाजसेवी सुमित कठेरिया ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जी ने संविधान देकर भारत की एकता और अखण्डता के साथ पूरे देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया। पार्टी उनके विचारों पर काम करते हुए गरीबों के उत्थान के लिए काम करती है। आज देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब से बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतारने और गरीबों के उत्थान के काम हुए। हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करें।मंडल अध्यक्ष वरुण राजपूत ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चल कर ही समतामूलक समाज की स्थापना की जा सकती है। वहीं विनोद नायक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर ने समाज के कमजोर तबके के लोगों को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए अपनी अहम भूमिका का निर्वाह किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष वरुण राजपूत विनोद नायक अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा शनि कटियार अंकित यादव अजय वाल्मीकि रंजन बाल्मिक बाबू बाल्मिक संजय पाल मास्टर साहब इरफान कव्वाल आदि लोग मौजूद रहे।

## अगर गलती से भी संविधान में व्यवस्था होती तो सैफई की सभी सीटों पर कुत्ता बिल्ली बंदर चुनाव लड़ रहे होते : भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह

गुलजार अहमद
मैनपुरी। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह मैनपुरी में अखिलेश यादव की विधानसभा करहल में सैफई परिवार पर जमकर बरसे। साथ ही मुलायम सिंह के राजनीतिक गुरु नत्थू सिंह के नाती धीरज यादव को पटुका पहनकर भाजपा में शामिल किया। मैनपुरी लोकसभा की करहल विधानसभा में आज बूथ अध्यक्षों सम्मेलन कार्यक्रम के दौरान जयवीर सिंह ने कहा हम डॉ भीमराव अंबेडकर का बहुत सम्मान करते हैं और आदर करते हैं। इस बात के लिए कि संविधान में 18 साल से ज्यादा बड़े लोगों को मताधिकार और चुनाव लड़ने का अधिकार दिया है।

और सिर्फ महिलाओं और पुरुषों को अधिकार दिया है।

कहीं धोखे धड़े से पालतू जानवरों को भी कहीं मताधिकार के साथ-साथ चुनाव लड़ने का अवसर मिल गया होता, संविधान में अगर व्यवस्था होती तो आज कुत्ता बिल्ली बंदर भी सैफई की सारी सीटों पर चुनाव लड़ रहे होते। कहीं किसी को टिकट मिलने वाला नहीं था। उन्हीं के सभी पालतू कुत्ता गाय भेड़ बकरियां पालने वाले लोग उन्ही को टिकट मिलता और एमपी और एमएलए का टिकट लेने का काम करते।

बीजेपी प्रत्याशी जयबीर सिंह के बयान पर सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि जयबीर सिंह को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिय। इस तरह की भाषा का इस्तेमाल अशोभनीय है। इस तरह की भाषा शेली कौन इंसान इस्तेमाल कर सकता है आप सब जानते हैं। समाजवादी पार्टी बहुत मज़बूती के साथ चुनाव लड़ रही है। मैनपुरी लोकसभा इस बार रिकॉर्ड बनाने के लिए तैयार है। बीजेपी के घोषणा पत्र को निकाल कर देख ले तो सबको पता चल जाएगा। या जो भाषण है उसको देख ले तो पता चल जाएगा, यह सब झुनझुना है।

## फखरपुर क्षेत्र में नही थम रहे हैं, फंदे से लटकते शवों के मिलने का सिलसिला



लोक जन संदेश।
बहराइच, आफ़ताब आलम, ज़की सिद्दीकी। फखरपुर थाना के मरौचा लालापुरवा गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां शुक्रवार रात को आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान रिश्तेदार से विवाद हुआ। वहीं ग्रामीण का शनिवार को शव खेत में फंदे से लटकता मिला। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरौचा के मजरा लालापुरवा निवासी मुकेश के यहां शुक्रवार को तिलक कार्यक्रम का आयोजन था। ग्रामीणों के मुताबिक मुकेश का शुक्रवार रात को अपने बड़े भाई के रिश्तेदार से जमकर विवाद हुआ। परिवार के लोगों ने बीच बराव कराया, इसके बाद सभी अपने-अपने घर चले गए। मां शांति देवी ने बताया कि शनिवार सुबह घर से 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित खेत में बेटे मुकेश का शव फंदे से लटकते मिला। उसका कहना है कि मौत संदिग्ध है। जिस पर उसने पोस्टमार्टम करवाने की मांग की। इसी तरह कुछ दिन पूर्व भी इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंडासर के मजरा गुलाल पुरवा में एक 12 वर्षीय मासूम नोमान का शव फंदे से लटकता हुआ उस वक्त मिला जब उसकी माँ को स्थानीय थाने पर जमीनी विवाद के चलते बे-वजह घण्टो बिठाये रखा गया था। किन्तु उक्त घटने के सम्बंध में स्थानीय पुलिस ने कोई प्राथमिकी अभी तक नही दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पाण्डे का कहना है, कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संविधान निर्माता की जयंती पर अराजक तत्वों द्वारा तोड़ी गई डॉ आंबेडकर प्रतिमा

### आनन फानन में लगाई गई दूसरी प्रतिमा





चेतन जैन
जसवंतनगर/इटावा
बीती रात को ग्राम धरवार के पुलिस चौकी के समीप एक स्कूल में संविधान निर्माता डॉ. भीम राव आंबेडकर की स्थापित प्रतिमा को अराजक तत्वों ने मूर्ति के चेहरे को खंडित कर दिया। जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने देखा कि मूर्ति खंड़ित है। इसके बाद ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस बात की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए।उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी दी।मौके पर क्षेत्राधिकारी विवेक जावला पहुंचे और इसके बाद खंडित हो चुकी मूर्ति को हटाकर नई मूर्ति को प्रतिस्थापित रात को ही कराकर मामले को शांत कराया गया। बताया गया है कि पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी में है।वही आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने आनन फानन में खंडित मूर्ति को उस जगह से हटाकर रातों रात नई मूर्ति स्थापित कराकरके मामले को दबाने की कोशिश कर रही है।हम लोगों में से किसी भी ग्रामीण को फोटो तक नहीं खींचने दी गई।ग्रामीणों की मांग है कि मूर्ति तोड़ने वाले के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। बाद में पुलिस सुरक्षा संरक्षण में गांव में डॉ आंबेडकर शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से निकाली गई।

## मंदिर में चोरी करने वाली 14 महिला चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



चेतन जैन
इटावा/बकेबर
मंदिर में भेष बदलकर चोरी करने वाली महिला चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया मंदिर में चुपके से भीड़ के दौरान भक्तों के जेवरातों पर डाका डालती थी बकेवर क्षेत्र अन्तर्गत लखना में ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर मेला लगता है जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश से दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन करने भारी संख्या में आते हैं इसी क्रम में भारी संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन के लिये आये थे एवं मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में भीड़ थी इसी दौरान कुछ महिलाओं ने लगभग 10 -11 महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र चोरी कर लिये । जिसके सम्बन्ध में वादी अरूण कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी दुर्गा नगर उखर्रा रोड राजपुर चुंगी थाना सदर जनपद आगरा से भी किसी महिला द्वारा उनकी चैन चोरी कर ली जिसके सम्बन्ध में थाना बकेवर पर तत्काल मु0अ0सं0 117/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया । थाना बकेवर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये लखना कालिका देवी मन्दिर पर लगे मेले से अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह की सदस्य कुल 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 07 सोने की चैन एवं 04 मंगलसूत्र बरामद किये गये । जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने मिलकर लखना देवी मन्दिर पर दर्शन करने आये दर्शनार्थियों से चोरी किये हैं । उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बकेवर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 117/2024 धारा 379 भादवि में धारा 411 पंजीकृत किया गया चोरी करने वाली महिलाओं से (लगभग 09 लाख रूपये ) 07 चैन सोने की मेले से चोरी की गयी 04 मंगलसूत्र मेले से चोरी की गयी बकेबर थाना प्रभारी निरी0 राकेश कुमार शर्मा की टीम को उक्त सराहनीय कार्य करने उनके उत्साह वर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 20,000 रुपये की धनराशि से पुरूस्कृत किया गया।

## बाबा साहब की 133 वीं जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी

लोक जन संदेश।
बहराइच, बच्चे भारती, ज़की सिद्दीकी। समाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निर्माता %भारत रत्न% बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जी की 133वी जयंती गोष्ठी का आयोजन कर गरिमा पूर्ण तरीके से मनाई गयी। उक्त गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव एड0 व संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खा %बंटी% ने किया। गोष्ठी मे सुप्रसिद्ध विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनेता और समाज सुधारक डा0 अम्बेडकर जी के राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं तथा संविधान निर्माण के समय किये गये संकल्पों पर चर्चा करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह सहित समस्त पार्टीजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने कहा कि आज भाजपा आपके जीने का हक छीनना चाहती है, आपके सांस लेने पर भी टैक्स लगा देगी, आज जरूरत है बाबा साहब के संविधान की रक्षा की ,देश के लोकतंत्र को बचाने की तो मै यह सौगंध लेता हूं कि लोकसभा बहराइच मे भाजपा के मंसूबे कामयाब नही होने दूँगा। अखिलेश यादव हम सबकी उम्मीद है और रमेश गौतम को बहराइच लोकसभा जिताकर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम हम समाजवादी लोग करेंगे। जिला अध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि बाबा साहब की जयंती आज एक आंदोलन के रूप मे पूरे जिले मे मनाया जा रहा है। दलित, शोषित, वंचित समाज के लोगो को लगने लगा कि बाबा साहब के संविधान को भाजपा से खतरा बढ़ रहा है। भाजपा अगर दोबारा सत्ता मे आयी तो वह संविधान को मिटा देगी और मनुवाद लागू कर देगी। इस लिए देश का पिछड़ा, दलित- शोषित समाज आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा से किनारा कर रहा है। पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग, वँचित वर्ग अखिलेश जी की तरफ आशा भारी निगाहों से देख रहा है कि केवल एक नेता है जो भाजपा को धूल चटाने का काम करेगा और सबको सम्मान, हक व अधिकार दिलाएगा। इस गोष्ठी मे जिला महासचिव सुनील निषाद, देवेश चंद्र मिश्रा, पेशकार राव, महेन्द्र स्वरूप पासवान, संत कुमार पासी, मनु देवी, सुमन शर्मा, रेखा राव, गौरव यादव, दीपक चौरसिया, शैलेश सिंह शैलू, रविन्द्र मौर्या, हर्षित त्रिपाठी, डा0 गौसूल आजम, लक्ष्मी नारायण निषाद सहित अधिक संख्या मे पार्टीजन उपस्थित रहें।

# डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई




लोक जन संदेश बिल्हौर / सुरजीत पाल

शिवराजपुर / शिवराजपुर थाना क्षेत्र के सखरेज में रविवार को डॉ. भीमराव अंबेड़कर की 133वीं जयंती मनाई गई। सखरेज गांव में अंबेड़कर जयंती समारोह समिति एवं सर्वधर्म समाज की ओर से सुबह 11 बजे डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का जनक कहा जाता है. वहीं पर बाबा भीमराव अंबेडकर की बताए हुए रास्ते पर चलने का सभी ग्रामीण ने संकल्प लिया और 14 अप्रैल को उनकी जयंती देशभर में मनाई जाती है. निचले कुल में जन्म लेने और भेदभाव का सामना करते हुए बाबा साहेब ने अपनी शिक्षा पूरी कर तमाम डिग्रियां हासिल की । इस मौके पर प्रकाश नारायण, रामसेवक, आदेश कुमार, योगेंद्र प्रताप, राजेंद्र , उमाशंकर, रामगोपाल, मुरली , विनय कुमार, दयाराम, आदि लोग मौजूद रहे।

# बिल्हौर में ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत



लोक जन संदेश बिल्हौर / सुरजीत पाल

कानपुर के शिवराजपुर में रविवार को रेलवे ट्रैक पर ट्रेन सेकटकर एक वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई । सूचना के बादमौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान कराने के बाद शव कोपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवराजपुर थाना क्षेत्र व कस्बे में बर्राजपुर निवासी जहानसिंह के 90 वर्षीय पिता राम सिंह प्रति दिन की भांति रविवारसुबह भी हाथ में छड़ी लेकर टहलने निकले थे। वह कभी भीटहलने के लिए घर से ज्यादा दूर नहीं जाते थे लेकिन आजवह टहलते टहलते काफी दूर निकल गए और घर से लगभगतीन किलोमीटर दूर अजौली गांव के निकट स्थित रेलवेक्रॉसिंग के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय वह कन्नौज सेकानपुर की तरफ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए हादसे में वृद्ध की ट्रेन से कटकर मौके पर ही दर्दनाक मौत होगई और शव पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ट्रैक पर क्षत विक्षत शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस कोमामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कीपहचान कराने का प्रयास किया। पुलिस अभी शव कीपहचान कराने का प्रयास कर ही रही थी तभी वृद्ध का बेटाउन्हें खोजते हुए लोगों से मिली जानकारी पर मौके पर पहुंचगया और अपने पिता की पहचान की। वृद्ध की पहचान केबाद पुलिस ने पंचनामे की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया। वहीं वृद्ध की मौत की खबर मिलते हीपरिजनों में चीख-पुकार मच गई।

# डॉ0 भीमराव की जयंती को कांग्रेसियों ने धूमधाम से मनाया

लोक जन संदेश बिल्हौर / सुरजीत पाल




बिल्हौर।आज देश के महान सामाजिक शुभचिंतक और भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयंती के अवसर पर बिल्हौर विधान सभा क्षेत्र में बिल्हौर के सुभानपुर स्थित कांग्रेस जनसम्पर्क कार्यालय में आज के कार्यक्रम की संयोजक ऊषा रानी कोरी , वरिष्ठ नेता गयाप्रसाद कटियार, किसान नेता अनंत अवस्थी, मौलाना सैयद यूनुस जाफरी आदि ने अपने साथियों के साथ पूज्य बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया गया तदोपरांत विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब के कृतित्व पर विचार रखे। विचार गोष्ठी में बोलते हुये ऊषा रानी कोरी ने कहा कि देश आज कठिन दौर से गुजर रहा है, संविधान की भावनाओं के साथ खिलवाड़ हो रहा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म हो चुकी, संवैधानिक संस्थाओं पर अन्यायियों का कब्जा हो गया है, लोकसभा का यह चुनाव अन्यायियों को हटाने का स्वर्णिम मौका दें रहा है, चूके नहीं और अपने मतधिकार का प्रयोग कर भ्रष्ट और अन्यायी सरकार को उखाड़ फेंकें ।आज की विचार गोष्ठी के समापन पर सभी साथियों को प्रसाद के रूप में खीर खिला कर मुँह मीठा कराया गया। इससे पूर्व नजदीक के ग्राम पंचायत बीबीपुर में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर अपने सहयोगी कांग्रेस जनों और ग्रामवासियो के साथ माल्यार्पण कर नमन किया और बाबा साहेब के कृतित्व पर विचार व्यक्त कर ग्राम वासियों को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कार्यक्रम संयोजक ऊषा रानी कोरी, बिल्हौर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गया प्रसाद कटियार , मौलाई पीर सैयद युनुस अली जाफरी मदारी , मौलाना सैयद फिरोज अख्तर , मोहिनीश कुमार एडवोकेट, केशव प्रसाद पाल,कवि नरेंद्र कुमार यादव, किसान नेता अनंत अवस्थी, करन शुक्ला, सिराज अहमद जाफरी, शंकर दयाल मिश्रा, राजेश कटियार , देशराज पाल , रामबाबू कमल , सीताराम कमल , मुकेश कुमार दिवाकर , गंगाप्रसाद , नन्हे लाल , भोला , अनुकेश कमल , जागेलाल वर्मा , मनीष कुमार , ओमप्रकाश कुशवाहा , नीरज कुमार , सुदामा कुरील , रामपाल गौतम, महिलाओं में सर्व सीता कटियार,मायादेवी कमल, रजनी ,सरोज कमल , पायल कमल , सोनी कमल , राम जानकी , सोनी कमल, अनिता कमल ,मधु कमल , पुष्पा कमल , मुन्नी देवी , चुन्नी देवी, छुन्नी देवी,राम जानकी , माधुरी , प्रिया और प्रीति सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कात्यायनी का जयकारों के साथ हुआ पूजन

मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश



कानपुर देहात नवरात्र के छठवें दिन महिषासुर मर्दिनी मां कात्यायनी के पूजन की धूम रही। रविवार को भक्तों ने देवी मंदिरों में पहुंचकर जयकारों के साथ आदिशक्ति के छठवें स्वरूप माता का पूजन कर दुर्गुणों व कुसंस्कारों से मुक्ति व कल्याण की कामना की। पूरे दिन घरों व मंदिरों में या देवी सर्व भूतेषु शक्ति रूपेण संस्थित- नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यैं नमो नम- के मंत्र गूंजते रहे। नवरात्र के छठवें दिन रविवार को जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में सुबह से ही आदिशक्ति के छठवें स्वरूप माता कात्यायनी के पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। मंदिरों के पट खुलते ही शुरू हुआ दर्शन पूजन का सिलसिला दोपहर तक जारी रहा। अमरौधा ब्लॉक के कथरी गांव के पास कलिंद्री तट पर स्थित मां कात्यायनी देवी के मंदिर में विशेष पूजन के लिए शुक्रवार को बीहड़ पट्टी के गांवों से श्रद्धालुओं का सुबह से ही सैलाब मंदिर की ओर निकल पड़ा। स्थानीय लोगों के साथ ही जालौन,हमीरपुर,औरैया, इटावा आदि जनपदों के श्रद्धालु पूजन के लिए पहुंचे। भक्तों ने कतार में खड़े होकर मां के दर्शन पाने का इंतजार किया। पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने मनौतियां मानी,जबकि मान्यता पूरी होने के बाद लोगों ने डाली मां के चरणों में अर्पित की। इसी तरह अकबरपुर के कालिका देवी मंदिर, लम्हरा के परहुल देवी मंदिर, लालाभागत के कौमारी देवी मंदिर , मूसानगर के मुक्तेश्वरी मंदिर, ज्योति गांव के बंगलामुखी मंदिर, रूरा के दुर्गा मंदिर, पाथा माई मंदिर, शिवली के पंथामाता मंदिर व हथिका मैथा की सम्मोहनी माता मंदिर में भी पूजन अर्चन हुआ। सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ रही। पूजन सामग्री से सजी थाल, नारियल, चुनरी फल फूल आदि के साथ श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन- अर्चन किया। इसके बाद महिलाओं ने घरों में कन्याएं बुलाकर उनका पूजन करने के साथ भोजन कराया।

# कस्बा अकबरपुर मे चोरो के हौसले बुलंद भैस की चोरी की चोरी को दिया अंजाम

लोकजन संदेश

कानपुर देहात अकबरपुर के नेहरू नगर थाने के सामने से ही चोरो ने भैस को चुरा ले गये अकबरपुर कस्बा निवासी अभि शुक्ला के घर पीछे बंधी भैस को चोरो ने हाथ साफ कर दिया पीड़ित ने बताया की रोज मर्रा की तरह वह अपने पालतू जनवर गाय भैस को चारा पानी के पश्चात घर के पीछे के हिस्से मे रस्सी से बाँधता था दिन शुक्रार को उसी तरह बांधकर अपने काम काज पर लग गया दोपहर बीत जाने के पश्चात 3 बजे उसकी भैस गायब थी अपने जानवर को बांधी हुयी जगह पर वापिस न पा कर उसके पैरो तले जमीन सरक गई उसने खोजना शुरू किया तो जानकारी सूचना मिली कोई ले गया है सूचना पर पीड़ित ने अकबरपुर मे शिकायत दर्ज कराई है ।थाना प्रभारी ने कार्यवाही शुरू कर दी ।

# भारतीय संविधान भारतीयता का संपूर्ण प्रतिबिंब:बृजभूषण सिंह परिहार अकेला

मोहन कुमार ब्यूरो
लोकजन संदेश

कानपुर देहात की पंचकुटी के नाम से विख्यात दया का पुरवा गांव में पहली बार अंबेडकर जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई , मुख्य अतिथि श्री बृजभूषण सिंह परिहार अकेला ( भारतीय दलित साहित्य अकादमी से डॉक्टर अंबेडकर फेलोशिप अवार्ड प्राप्त ) ने भारतीय संविधान को दुनिया की अनूठी पुस्तक बताते हुए कहा कि इस पुस्तक ने भारतीय समाज को समन्वय की डोर से बांध दिया है ।करोड़ों लोगों को जो समाज में अपने को उपेक्षित महसूस करते थे , उन्हें जीवन जीने की नई संजीवनी दी है ।इतना धर्म मानव जीवन को एकता के सूत्र में नहीं बांध पाया , जितना संविधान ने मानव को एक राष्ट्र में पल्लवित और पुष्पित कर दिया । संविधान के कुछ अनुच्छेद बहुत ही अनूठे हैं , जो बड़े-बड़े पूंजी पतियों को भी उनकी सीमा रेखा में बांध देते हैं एवं सर्वहारा वर्ग को बड़े पंख देकर एक विस्तृत गगन दे देते हैं । संविधान से ही गांवों का वैमनष्य कम हुआ है , एवं आज से 50 साल पूर्व के भारत में एक विशाल अंतर आया है । संविधान से सबसे ज्यादा लाभ महिलाओं को प्राप्त हुआ है , जिन्हें शिक्षा स्वास्थ्य राजनीति एवं अन्य क्षेत्रों में बराबर का दर्जा प्राप्त हुआ है । श्री परिहार ने समाज के दलित वर्ग से अपने पूर्वजों के द्वारा किए गए अत्याचारों के लिए माफी भी मांगी एवं उन्हें राष्ट का सबसे मेहनतकश वर्ग बताकर उनके अंदर उत्साह का संचार भी किया । कार्यक्रम का संचालन जोगी लाल यादव एवं आयोजन टीम की युवा शाखा ने जिसमें भोला रविकांत रामचंद्र चंद्रभान सोनू राजेश अवधेश अजय आशीष नीरज संदीप दीवान एवं संजू अग्निहोत्री आदि ने अंबेडकर की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित की एवं भविष्य में एकता शिक्षा और संगठन के लिए शपथ भी ग्रहण की ।



# डा0 अंबेडकर के आदर्शों को अपनाएं: आयुक्त



बांदा- डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयुक्त चित्रकूटधाम ने आयुक्त कार्यालय में अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। संयुक्त विकास आयुक्त व आयुक्त कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी तरह कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए। उनके जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वहीं जनपद के कचेहरी के अम्बेडकर पार्क में भीमराव अम्बेडकर का 133वां जन्मदिवस मनाया गया। रविवार को सुबह से ही बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा में फूल माला चढ़ाकर और पुष्पांजलि कर किया गया। सभी ने उनकी याद व उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इसके बाद शहर में बाइक रैली जुलूस निकाली गयी। इसमें सैकड़ों की संख्या में अनुयायी व बहुजन सेवा संघ, संघमित्रा बौद्ध विहार, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा,व भारतीय बौद्ध महासभा बांदा, भीम आर्मी, संत गाडगे समिति, आल शिक्षक कर्मचारी संघ, सहित अन्य बहुजन संगठन रहे। बाइक रैली जुलूस के दौरान बाबा साहेब के अनुयाईयो ने जगह जगह स्टाल लगाकर फूल बरसाए व लोगो को जलपान आदि कराते नजर आए। इसी तरह कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे व शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर लोगों को प्रेरणा लेने की अपील की। कार्यक्रम में बल्देव वर्मा, आदित्य कुमार, सन्तोष कुमार द्विवेदी, एसके त्रिपाठी, अशरफउल्ला पप्पू रम्पा, नाथू राम सेन, पवन देवी कोरी, अमलेशा अनुरागी, राजबहादुर गुप्ता, राजेश गुप्ता, सत्यप्रकाश द्विवेदी, लक्ष्मीकांत मिश्रा, मो. इदरीश, गेंदा प्रसाद यादव, शिवाकांत मिश्रा, जहांगीर खान, डा. के पी सेन, साफिया बेगम, अम्बिका प्रसाद खेंगर, अली बक्श, सुखदेव गांधी आदि तमाम कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही। वहीं शेख सादी जमा साहब के संरक्षण में, रिजवान अली की अध्यक्षता में मोहम्मद अजहर महामंत्री, ग्राम प्रधान कैथ का पुरवा संजय त्रिपाठी के सहयोग से ग्रामीणों को कपड़ों, जूते, चप्पल, किताबें,बर्तन आदि का वितरण किया गया।

# लूट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



बांदा-पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त सुमित प्रजापति पुत्र छोटेलाल प्रजापति नि0 काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली नगर द्वारा 13 अप्रैल को जिला पंचायत गेट नं0-1 के पास से एक लड़की से मोबाइल लूट की घटना को तथा 12 अप्रैल को नजरबाग सब्जी मंडी से एक मोटरसाइकिल की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। थाना कोतवाली नगर पर अलग-अलग अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना अभियुक्त को रोशन मैरिज हॉल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से अलग-अलग घटनाओं में लूटा गया मोबाइल फोन व चोरी की गई चोरी की गई एक स्प्लेण्डर मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

# अग्निशमन दिवस पर किया गया जागरूक

बांदा-अग्निशमन दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा फायर सर्विस स्टेशन से अग्निशमन जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को पूरे भारत में अग्निशमन दिवस मनाया जाता है। 20 अप्रैल तक चलने वाले विशेष अग्निशमन जागरुकता सप्ताह के द्वारा अग्निशमन कर्मियों द्वारा जनमानस को आग से बचाव संबंधी सुरक्षा उपायों के बारे में जागरुक किया जायेगा। अग्निशमन सेवा द्वारा विभिन्न होटलों, ढाबों, अस्पतालों, बैकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, स्कूलों, कॉलेजों आदि स्थानों पर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रमं में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर एक भयानक और दर्दनाक हादसा हुआ। मुम्बई बंदरगाह पर फोर्ट स्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था। मालवाहक जहाज में रूई की गांठें, बिस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे, उसमें अकस्मात भयानक आग लग गयी। मुम्बई के अग्निशमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे इसी वक्त आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण भयानक विस्फोट हुआ और मुम्बई नगरी ही नहीं पुरा देश हिल गया क्योंकि आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन दिवस (फायर डे) मनाया जाता है और 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन दल द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है।



# एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान

बांदा-एआरटीओ शंकर सिंह ने बिसंडा क्षेत्र में पीटीओ राम सुमेर यादव के द्वारा चेकिंग अभियान चला कर ट्रैक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही की। तीन ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़कर उन पर बैठी हुई सवारियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य स्थान में भेजा। हिदायत दी गई ट्रैक्टर ट्राली का प्रयोग सवारी के ढोने में न किया जाए। एआरटीओ ने अवगत कराया की इस प्रकार का चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा। ट्रैक्टर ट्रालियों का प्रयोग कृषि कार्यों के लिए ही किया जाए। सवारी के ढोने में इनका उपयोग न किया जाए। अगर कोई भी इसका गलत प्रयोग करता है उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। ट्रैक्टरों को सीज कर दिया जाएगा। पी टी ओ रामसुमेर यादव ने अवगत कराया की कल चेकिंग के दौरान 6 ओवरलोड ट्रकों को बिसंडा थाने में एवं 3 ट्रकों को मंडी समित चौकी कालूकुआं में सीज की कार्रवाई की गई है।



# सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम द्वारा अन्तर्राजिय मोटरसाईकिल चोरों के खिलाफ बड़ी कारवाई , 11 मोटरसाईकलों सहित 2 आरोपी काबू




(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)
पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के कुशल नेतृत्व व उप पुलिस अधीक्षक नरवाना अमित कुमार के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए सीआईए स्टाफ नरवाना इंचार्ज सुखदेव सिंह की टीम ने अन्तर्राजिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए चोरीशुदा 11 मोटरसाइकिलों सहित 2 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है । आरोपियों ने नरवाना, उचाना, कलायत, राजौंद, कैथल व कुरुक्षेत्र एरिया से बाईक चोरी किये थे जिनको आगे बेचने की फिराक में थे ।पकड़े गए आरोपीयों की पहचान जोगिंद्र उर्फ काला पुत्र जगता वासी सिन्सर जिला जींद व हाकिम खान पुत्र मंगत राम वासी ढाकल जिला जींद के तौर पर की गई है। जानकारी देते हुए सीआईए नरवाना इंचार्ज सुखदेव सिंह ने बताया कि नरवाना व उचाना एरिया में लगातार बाइक चोरी की घटनाएं हो रही थी । पुलिस अधीक्षक महोदय जींद ने चोरी की घटनाओं पर संज्ञान लेते हुए चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सीआईए की एक विशेष टीम का गठन किया । कल सीआईए नरवाना की एक टीम, स्ड्ढ शमशेर सिंह के नेतृत्व में चोरी की रोकथाम के लिए गांव सिन्सर में मौजूद थी कि टीम को खुफिया सूचना मिली कि कुख्यात बाइक चोर जोगिंद्र उर्फ काला जिसने नरवाना, उचाना व कैथल एरिया से काफी मोटरसाइकिलें चोरी कर रखी हैं और अब थोड़ी देर बाद सींसर से हथो रोड पर चोरी की बाइक पर अपने साथी सहित जाएगा । सीआईए टीम ने हथो रोड पर रजवाहा के नजदीक नाकाबंदी शुरू की थोड़ी देर बाद काले रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर 2 युवक आते दिखाई दिए जो सामने सीआईए की नाकाबंदी को देखकर डरकर बापिस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगे लेकिन सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए दोनों युवकों को बाइक सहित काबू कर लिया । सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी जोगिंद्र उर्फ काला ने उचाना से बाइक चोरी करना स्वीकार किया । आरोपी ने बताया कि वह नशे की पूर्ति के लिए बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है । चोरी के बाद वह अपने साथी हाकिम खान के मार्फत बाइकों को आगे सस्ते दामों में बेच देता है । सीआईए टीम ने आरोपियों के ठिकानों पर रेड की तो जोगिंद्र के मकान से चोरी की कुल 8 बाइक बरामद हुई व हाकिम खान के मकान से चोरी की कुल 2 बाइक बरामद हुई व एक बाइक मौका पर पकड़ी गई । जोगिंद्र उर्फ काला कुख्यात बाइक चोर है आरोपी के खिलाफ मोटरसाइकिल चोरी, हत्या, लड़ाई झगड़े व आर्म्स एक्ट के 16 मुकदमें दर्ज हैं । आरोपियों को आज पेश अदालत किया जाएगा ।

# डिटेक्टिव स्टाफ जींद की नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही , 92 ग्राम हैरोईन के साथ नशा तस्कर महिला को किया काबु

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)
जींद पुलिस के डिटेक्टिव स्टाफ ने पुलिस अधीक्षक जींद सुमित कुमार के मार्गदर्शन में नशा तस्करों पर कार्यवाही करते हुए एक महिला आरोपी को काबू किया है। पकडी गई आरोपी महिला पिल्लू खेड़ा की रहने वाली है। जानकारी देते हुए डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज कुलदीप सिंह ने बताया कि डिटेक्टिव स्टाफ की टीम अपराधों की रोकथाम के लिए नजदीक रेलवे फाटक जामनी रोड पिल्लूखेडा मौजुद थी कि उप निरीक्षक अमित कुमार को गुप्त सूचना मिली कि भुरायण बस्ती नजदीक रेलवे स्टेशन पिल्लूखेडा की रहने एक महिला नशीला पदार्थ बेचने का काम करती है जो इस समय अपने घर के सामने गली मे खडी होकर नशीला पदार्थ बेच रही है बतलाये गए स्थान पिल्लूखेडा में पहुँच कर देखा तो एक महिला खडी दिखाई दी जो पुलिस पार्टी को देखकर तेज तेज कदमो से भागने की कोशिश करने लगी जिसे टीम द्वारा काबु करके डयुटी मजिस्ट्रैट एईटीओ जीन्द जयवीन को मौके पर बुला कर आरोपी महिला की तलाशी ली तो उसके हाथ में लिये हुए काले रगं के पोलोथीन को खोल कर चैक किया तो काले रगं की पोलिथीन के अन्दर सफेद मोमिया पन्नी मे गेरूए रगं का पाऊडर हैरोईन (चीटा) बरामद हुआ बरामद हैरोईन वजन 92 ग्राम मिला जिसको पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर आरोपी महिला के खिलाफ थाना पिल्लू खेड़ा में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके महिला को गिरफतार कर लिया गया है।

## सक्षिप्त समाचार

# बसपा ने हरियाणा में घोषित किए 5 प्रत्याशी

(लोकजन संदेश/ब्युरो)
बहुजन समाज पार्टी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सोरखी ने बताया कि रोहतक लोकसभा से राजेश बैरागी को उम्मीदवार बनाया है। वहीं फरीदाबाद से किशन सिंह ठाकुर को, सोनीपत से उमेश गहलावत को, हिसार से देशराज प्रजापति को व करनाल से सरदार इंद्रजीत सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है।

# कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई बाबा साहेब की 133 वी जयंती



दैनिक लोकजन संदेश
सुल्तानपुरङ्क भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 में जयंती कांग्रेस कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। जिला कांग्रेस कार्यालय पर शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों कांग्रेसी नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया, उसके बाद शहर स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे जहां बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में संगोष्ठी का आयोजन कर बाबा साहेब के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को एकता की सूत्र में बांधने के लिए सामाजिक असमानता और भेदभाव को समाप्त करने पर विशेष जोर दिया। देश को संविधान देकर समाज के शोषित, गरीब, दलित जनता के अधिकारों को संरक्षित कर मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। वर्तमान समय में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के राजनीतिक परिदृश्य के रास्ते पर चलकर ही देश के सामने खड़ी बड़ी से बड़ी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता मे काविज वर्तमान भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान में प्रदत्त अधिकारों को खत्म करने का प्रयास कर रही है। पीसीसी सदस्य हौसिला प्रसाद भीम ने कहा कि देश के संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहेब ने समाज को एक समान जोड़ने का कार्य किया। भारतीय संविधान के निर्माण करने में बाबासाहेब का बहुत बड़ा योगदान रहा उनका मूलमंत्र था कि समाज में सभी को समान अधिकार एवं न्याय मिले। मीडिया कोऑर्डिनेटर लाल पद्माकर सिंह, नफीस फारुकी, प्रेम भारती, तेज बहादुर पाठक, आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मो हारुन, सिराज अहमद भोला, मो कमर खान, मो हारुन, विजयपाल, सिराज सिद्दीकी, अमित सिंह, हाजी फिरोज, नंदलाल मौर्य, विभु पांडे, अबरार अहमद मीनू यादव, मदन तिवारी, मो जाकिर, हौसला कनौजिया, अमरीश पाठक, शीतला साहू आदि लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बाबा साहेब को अर्पित किया कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के गौसेसिंहपुर, खड़सरा, कैथवारा, आलापुर, चंदौली, लामा, कादीपुर तहसील के सरैया आदि स्थानों पर पहुंचकर संविधान रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।गौसेसिंहपुर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य फेंकू राम के संयोजन में आयोजित अम्बेडकर जयन्ती समारोह में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर महान चिंतक और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित उत्थान में अपना पूरा जीवन लगा दिया, हमेशा समानता की बात की और कुछ नीचे के भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में उनके द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए गए। वहीं उन्होंने हर जाति धर्म संप्रदाय आदिवासी वंचित समाज को जोड़कर एक सूत्र में पिरोने का काम किया हम उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर ही लोकतंत्र और संविधान की रक्षा कर सकते हैं, उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार बाबा साहेब द्वारा लिखित संविधान को समाप्त कर मनुस्मृति के द्वारा देश को चलाना चाहती है जिसे देश की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और आने वाले चुनाव में इन्हें इसका जवाब देगी।

# हरियाणा में हुए दर्दनाक स्कूल बस हादसे में 2 और गिरफ्तारी, पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा



(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)
महेन्द्रगढ़ 7 हरियाणा के महेन्द्रगढ़ जिले में हुए दर्दनाक स्कूल बस हादसे में पुलिस ने अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए 2 और लोगों को गिरफ्तार किया है. बता दें कि ड्राइवर की लापरवाही से इस हादसे में 6 बच्चों को जान से हाथ धोना पड़ा और करीब 35 बच्चे घायल हुए थे जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। महेन्द्रगढ़ पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिन दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है, उन्होंने स्कूल बस के रवाना होने से पहले ड्राइवर के साथ ही बस के भीतर बैठकर शराब का सेवन किया था. पुलिस ने बताया कि ड्राइवर शराब पीकर स्कूल बस चला रहा था और गिरफ्तारी के बाद जब मेडिकल करवाया गया तो इसकी पुष्टि हुई है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि स्कूल बस ड्राइवर ने अपने साथियों के साथ बस में शराब पी थी। इसके बाद, वह बच्चों को लेने के लिए गांवों की ओर निकला था. पुलिस ने बताया कि सेहलांग के रहने वाले उसके 2 सहयोगियों निट्टू उर्फ हरीश और संदीप के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था. हादसे वाले दिन ही बस ड्राइवर और स्कूल प्रिंसिपल दीप्ति राव को गिरफ्तार किया गया था. गुरुवार को तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# रबी की फलसों की खरीद को लेकर अधिकारी अनाज मंडियों का करें दौरा

(लोकजन संदेश/सुमित गर्ग)
जींद 13 अप्रैल उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम रबी की फसलों की खरीद को लेकर अनाज मंडियों का दौरा करें और तमाम पुख्ता प्रबंध पूर्ण रखें अगर दौरे के दौरान किसानों को मंडियों में दी जाने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं को भी चेक करें ताकि किसानों को मंडियों में फसल लाने व बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो।



उपायुक्त ने सभी एसडीएम को कहा कि वे अपने सम्बन्धित क्षेत्र में खरीद एंजेसियों को निर्देश दें कि गेहूं के उठान कार्य में कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी और साथ की साथ उठान कार्य करना सुनिश्चित करें, अगर कोई खरीद एजेंसी उठान कार्य में देरी करती है तो उसके खिलाफ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को अनाज मंडियों में किसी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए।

# गोसाईगंज में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर निकली शोभायात्रा

दैनिक लोकजन संदेश
सुल्तानपुर गोसाईगंज में आज डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के शुभ अवसर पर गोसाईगंज बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कांग्रेस कमेटी सुल्तानपुर के जिला महासचिव सुनील शर्मा ने भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। युवा कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीदार मेहदी ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर बाबासाहेब ने देश को संविधान लिख कर समाज के शोषित दलित गरीबों के अधिकारों को मुख्यधारा से



जोड़ने का काम किया। इस अवसर पर डीजे बैंड बाजा और झांकी का अभ्दुत नजारा देखने को मिला। इस मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव सुनील शर्मा रामसुंदर गौतम भीम गौतम फूलचंद गौतम युवा कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सूरज शर्मा युवा जिला महासचिव दीदार मेहदी लालू गौतम अयोध्या गौतम युवा कांग्रेस कमेटी के सचिव शिवम पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार डंपर और वैगन आर की भिड़ंत में दो लोगों की हुई मौत, एक की हालत गंभीर

बिधनू – कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में आगे निकलने के प्रयास में तेज रफ्तार वैगन आर ओवर टेक करते हुए सामने से आ रहे डंपर से जा टकराई ।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वैगन आर का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया ।हादसे में वैगन आर सवार तीन लोगों में से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई ।स्थानीय सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस ने आनन फानन में राहत बचाव कार्य करते हुए हाइड्रा की मदद से वाहनों को अलग कराते हुए घायलों को एंबुलेंस की सहायता से बिधनू सीएचसी पहुंचाया ।जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया वहीं एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया है ।हादसे के बाद चालक डंपर छोड़ कर मौके से भाग निकला।

अर्रा बिनगवा नौबस्ता निवासी 35 वर्षीय आकाश शुक्ला पुत्र वीरेंद्र शुक्ला बुकिंग में वैगन आर चलाता था ।साथ ही बजरंग दल का सक्रिय सदस्य भी था ।बताया जाता है की वह शनिवार को दो किन्नरों मनीषा पुत्री सुंदरलाल निवासी बिनगवा नौबस्ता एवम सिमरन किन्नर निवासी अर्रा नौबस्ता को लेकर निकला था ।वापसी के दौरान हरबसपुर गांव के समीप पहुंचते ही आगे चल रहे वाहन को ओवर टेक कर निकलने के प्रयास में कानपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार डंपर से वैगनआर जा टकराई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी की वैगन आर की तेज आवाज के साथ उसके परखच्चे उड़ गए ।हादसे में आगे की सीट में बैठे दोनों लोग गाड़ी में ही फंस गए ।स्थानीय सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्ककत के बाद वाहनों में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पीछे की सीट पर बैठे किन्नर को तत्काल बिधनू सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

थाना प्रभारी बिधनू प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है ।घटना के बाद मौके से डंपर छोड़ फरार हुए चालक की तलाश की जा रही है ।परिजनों से तहरीर मिलने के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

**बजरंग दल वालों ने थाने में किया हंगामा**

हादसे में बजरंग दल के सदस्य आकाश की मौत की खबर सुनते ही दो दर्जन से अधिक की संख्या में थाने पहुंचे साथियों ने तत्काल चालक की गिरफ्तारी की मांग करते हुए थाने के अंदर हंगामा भी किया ।इस दौरान वहां मौजूद पुलिस कर्मियों से तीखी झड़प भी हुई ।वहीं हंगामा बढ़ता देख वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने कार्यवाही का आश्वाशन देकर किसी तरह समझा बुझा मामले को शांत कराया।

# बसपा ने उदराज वर्मा को घोषित किया लोकसभा प्रत्याशी

दैनिक लोकजन संदेश
सुल्तानपुर बसपा के अयोध्या, देवीपाटन, वारणसी, आजमगढ़ मण्डल के मुख्य सेक्टर प्रभारी घनश्याम चंद्र खरवार व बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल की मौजूदगी में बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा के नाम की घोषणा। शहर के गभड़िया स्थित गंगा गार्डेन मैरिज लॉन में आयोजित गोष्ठी में 38 लोकसभा प्रत्याशी के नाम की घोषणा। बसपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने बसपा प्रत्याशी उदराज वर्मा को माला पहनाकर बधाई दी।



## सीएसए में अंबेडकर जी की 133 में जयंती मनाई गई

कानपुर नगर, चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कैलाश भवन में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए बताया

अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश कुमार द्वारा अपने संबोधन में कहा कि संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर जी ने अपना पूरा जीवन अछूतों, महिलाओ एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की भलाई के लिए न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि वह एक महान अर्थशास्त्री तथा समाज सुधारक थे।जिन्होंने सामाजिक समरसता के लिए अहम भूमिका निभाई। डॉ मुनीश कुमार ने कहा कि वह देश के संविधान के शिल्पकार थे। यही कारण है कि उन्हें भारतीय संविधान का जनक भी कहा जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारतीय कानून एवं शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री के रूप में भी कार्य किया।इस अवसर पर भंडार क्रय अधिकारी डॉ कौशल कुमार, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ राजीव, प्रस्थापना अधिकारी डॉ संजीव शर्मा, सुरक्षा अधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह, गेहूं जनक डॉ सोमवीर सिंह तथा सेवानिवृत्ति अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ धर्म राज सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा छात्र-छात्राओं द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर शानदार प्रस्तुति भी दी गई।

## सीएसए केवीके ने मनाया स्वर्ण जयंती समारोह



कानपुर नगर, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवम प्रौद्योगिक विद्यालय कानपुर द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर के प्रभारी को कृषि विज्ञान केन्द्र के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में प्रसार निदेशक डॉ आर के यादव द्वारा मशाल सौंपी गई थी। समारोह कार्यक्रम के अवसर पर केन्द्र के प्रभारी डॉ आर पी एन सिंह ने सभी को बधाईयां देते हुए कृषि विज्ञान केंद्र की महत्ता पर प्रकाश डाला और कहा कि 1974 में प्रथम कृषि विज्ञान केंद्र पुदुचेरी में स्थापना के बाद देश के विभिन्न जनपदों में खुले केवीके द्वारा कृषि ,पशुपालन, मछली पालन, शहद उत्पादन और औद्यानिक उत्पादनों में नि: संदेह बदोत्तरी हुई है।जिसमें के वी के की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने जनपद रायबरेली में गेहूं, धान के उत्पादन में हुई बढ़ोतरी तथा सहफसली खेती को बढ़ावा देने के विषय में बताया।केंद्र के वैज्ञानिकों ने अपने - अपने विषय से संबंधित तकनीकी उपलब्धियों के विषय में बताया।इस कार्य क्रम में 50 से भी अधिक किसानों एवं नवयुवकों ने उल्लासपूर्वक प्रतिभाग किया और के वी के की भूमिका की प्रशंसा की और कहा कि जिस तरह से वैज्ञानिक खेतों,खलिहानों तक जाकर तकनीकी जानकारी दे रहे हैं,उससे हमारा जीवन स्तर निश्चित रूप से बेहतर हो रहा है। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिक एवं किसानों ने प्रतिभा किया।

## भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्मोत्सव समारोह स्थान छोटी पार्क मैकरावर्टगंज में हर्षोल्लास एवं धूम-धाम से मनाया



कानपुर, भारतीय दलित पँथर उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में परमपूज्य डॉ0 बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का 133वाँ जन्मोत्सव समारोह स्थान छोटी पार्क मैकरावर्टगंज में हर्षोल्लास एवं धूम-धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित कर डॉ0 बाबा साहेब को पुष्पमाला तथा तथागत गौतम बुद्ध को पुष्प अर्पित कर त्रिसरन तथा पंचशील का पाठ किया गया। इसके उपरान्त डॉ0 अम्बेडकर के कृतत्त्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। हजारों की संख्या में उमड़े भीम दीवाने जय-जय-जय-जय, जय भीम, जय भीम तथा संविधान पर आँच लगी तो खून बहेगा सड़कों पर, बाबा साहेब के वास्ते खाली कर दो रास्ते आदि जोशीले नारे लगा रहे थे। अब बाबा साहेब के कारवां कोई रोक नहीं सकेगा और जो रोकने का प्रयास करेगा वह जीवन से स्वयं रूक जायेगा। यह उमड़ा सैलाब बता रहा है कि अब यह जाग चुके हैं इसके अलावा बी0पी0 जोगदण्ड, (पूर्व पुलिस आयुक्त), शर्मिला रमा नोहर, (वरिष्ठ साहित्यिकार), मुख्य अतिथि पूज्य भन्ते करूणाकर महाथेरा, मा0 शैलेन्द्र कुरील जी (कैप्टन), डॉ0 अशोक कुमार (वैज्ञानिक), डॉ0 अनिल कुमार (पशु चिकित्साधिकारी), शहर काजी मौलाना अब्दुल कुद्दूस हादी, सरदार हरविन्दर सिंह लार्ड, पास्टर जितेन्द्र सिंह, इं0 कोमल सिंह, राम नरेश, साजिद सर, पास्टर सैमुवल सिंह, विनोद पाल, शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 दुर्गेश, आर0के0 गौतम, डॉ0 सुभाष चन्द्रा, प्रदीप अम्बेडकर, श्रवण कुमार, प्रो0 राजेश गौतम, कुमार सुन्दरम् (बैंक अधिकारी), एम0बी0 गौतम आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

## सर्व धर्म के लोगों ने मनाया अम्बेडकर जयन्ती



कानपुर। बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 133वीं जयन्ती पर सर्व धर्म के लोगों ने श्रृद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर सर्व धर्म के लोगों ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान की रचना कर सामाजिक भेदभाव दूर करने का संदेश देकर भारत में लोकतंत्र की स्थापना करने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया हैए जिसे भुलाया नहीं जा सकता है।समाजसेवी मोहम्मद उस्मान ने कहा की समाज के कमजोर वर्गों व महिलाओं के लिये संविधान में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर ने बराबरी का दर्जा दिया है जिससे आपसी भेदभाव मिटाने में बल मिला है। हर व्यक्ति को डाक्टर अम्बेडकर के बताये रास्ते पर चलना चाहिए।आज के कार्यक्रम में समाजसेवी मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद असलम, पति राज गौतम राजचंद्र वर्मा शकीरा उस्मानी विजय कुमार आशा गौतम शशि केस गौतम इत्यादि लोग मौजूद है!

## रोडवेज कर्मचारियों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई



कानपुर. रोडवेज बस स्टेशन चुन्नीगंज कानपुर में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रभात चौधरी सीनियर फोरमैन अरविंद कुमार द्वारा सभी कर्मचारियों के सहयोग से बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की 133 वीं जयंती मनाई गई इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवा प्रबंधक श्री तुलाराम वर्मा द्वारा डाक्टर अम्बेडकर के जीवन पर विस्तार से बताया गया श्री अरविंद कुमार ने सभा में बोलते हुए कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा पर विशेष बल दिया था उन्होंने कहा था कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा , ग़रीबों,नारी व श्रमिकों को सम्मान दिलाया 395अनुच्छेदों वाला दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया जो देश की प्रगति व सर्वजन हिताय ,सर्जन सुखाय पर आधारित है सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राम लवट, महेश कुमार जी सी वर्मा , राम सिंह, देवेंद्र चौधरी, विजय भूषण गोंड ,सुनील कुमार ,राजेंद्र प्रसाद पाल दिनेश यादव ,बृजेश गौतम, ओमवीर सिंह, प्रशांत गौतम ,संतोष कुमार महेंद्र प्रताप सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

## लोक निर्माण विभाग परिसर में रत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का 133 वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया



कानपुर के मकरार्बटगंज लोक निर्माण विभाग परिसर में गत वर्ष की भांति इस बर्ष भी बोधिसत्व विश्व रत्न बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर जी का 133 वां जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में इं भगवान दास अधीक्षण अभियन्ता उपस्थित रहे तथा इस मौके पर भंते अंगुलिमाल ने पंचशील का पालन करने की बात कही तथा मंच का संचालन इं कोमल सिंह ने किया और आयोजक के रुप में इं सुरजीत सिंह, इं मनीश ,चन्द्रकांत, विलाल,इं सुधीर बाबू,शिवमंगल रहे हैं इस मौके पर पीपी तिवारी,ओमेंद्र, इं जय प्रकाश, रवि प्रताप दोहरे ,अजय कुमार विजय लक्ष्मी ,बबली गौतम,तथा परिसर में रहने वाले सभी साथी उपस्थित रहे तथा इस अवसर पर भीम भोज का भी आयोजन किया गया ।

## डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का 133 व जन्म दिवस बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया



कानपुर आईआईटी कल्याणपुर स्थित संत रविदास शिरोमणि मंदिर प्रांगण में डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए रमेश चंद्र गौतम बौधाचार्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी बी एस आई सदस्य ने बताया कि भारत के संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन फूल माला पहना कर एक दूसरे को मुंह मीठा कराते हुए उनका 133 व जन्मदिवस हम लोगों ने मनाया बाबा साहब ने हमेशा सभी जाति के लिए समाज में शिक्षा की एक अलग व्यवस्था बननाइ क्योंकि उनका कहना था बिना शिक्षा के समाज का विकास नहीं महिलाओं को शिक्षित करने के लिए उन्होंने हमेशा जोर दिया सभी वर्ग को एक साथ लेकर चलने वाले गरीब दलित असहाय लोगों की हमेशा उन्होंने समाज मे आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया इस मौके पर समाज के लोगों को यही कहना चाहूंगा कि उनके बताए हुए आदर्श के रास्ते पर चलकर लोग ज्यादा से ज्यादा समाज की मदद करें और शिक्षा के लिए जागरूक करें क्योंकि एक शिक्षक समाज ही भारत के विकास में बहुत बड़ी भूमिका प्रदान करता है

## छोटे व्यापारियों का पूरक है पीडीए : अभिमन्यु गुप्ता



कानपुर।छोटे व्यापारियों का पूरक है पीडीए।छोटे व्यापारियों को तरक्की भी पिछड़ों,दलितों और अल्पसंख्यकों की तरक्की से जुड़ी है।यह बात समाजवादी व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने कही है।सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम के निर्देश पर व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने लोकसभा चुनाव के लिए अभिमन्यु गुप्ता को कानपुर मंडल का प्रभारी बनाया है।अभिमन्यु गुप्ता ने कहा की अखिलेश यादव और सपा से जुड़कर ही व्यापारी समाज अपना सुनहरा भविष्य हासिल कर पाएंगे।अखिलेश यादव और सपा ने ही हमेशा व्यापारी हित की बात की है।अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की कानपुर,चित्रकूट और आगरा मंडल की सभी लोकसभा की बाजारों में अभियान चलाकर सपा सरकार में व्यापारियों के लिए किए गए कार्यों को बताएंगे और व्यापारियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान इंडिया गठबंधन के पक्ष में करने का अभियान चलाएंगे।व्यापार सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की सपा व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने भी इस कार्य के लिए व्यापार सभा के सभी इकाइयों के पदाधिकारियों को निर्देश दे दिया है।अभिमन्यु गुप्ता ने बताया की व्यापारियों के बीच नेता मुलायम सिंह यादव जी और अखिलेश यादव जी की सरकार में व्यापारियों के लिए किए गए कार्यों को बताया जाएगा। अभिमन्यु ने बताया की नेताजी ने अपने कार्यकाल में व्यापारियों के लिए चुंगी प्रथा और आवश्यक वस्तु कानून की धारा 3/7 खत्म करके वे व्यापारियों के मसीहा बन गए थे।पहली बार खुल के प्रदेश के मध्यम वर्गीय और छोटे व्यापारियों को किसी ने ऐसी राहत देने का काम किया था।अखिलेश जी की सरकार में हर सेक्टर में विकास हुआ।पुस्तक में समाजवादी सरकार में हुए ऐसे सैकड़ों कार्य वर्णित हैं।

## द गररियन्स यूथ मीट का तीसरा वार्षिक समारोह



कानपुर प्रदेश की प्रमुख सामाजिक संस्था *द जिम (द गररियन्स यूथ मीट)* का तीसरा वार्षिक समारोह 14 अप्रैल 2024 को लाजपत भवन ऑडिटोरियम मोती झील में संपन्न हुआ।संस्था की अध्यक्ष श्रीमती शिल्पी सिंह व महाससिव संगीता पाल ने बताया यह कार्यक्रम अपने आप में अद्वितीय है जिसमे की एक दिन में विभिन्न प्रतिभाओं को 192 मेडल बांटे गए। इसके अलावा यंग चार्टर्ड अकाउंटेंट 23 वर्षीय अमन पाल आईआईटी कानपुर की छात्रा अनुष्का पाल, यंगेस्ट हिस्टोरियन यशवर्धन सिंह से बच्चों और छात्रों बहुत सारे प्रश्न किये और अपनी जिग्यासाओं को शांत किया। 17 मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। बच्चों और महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जज के रूप में बॉलीवुड से एक्टर सिंगर कंपोजर जीतू बघेल गायक श्रवण कुमार सुल्तानपुरी लोक गायिका साक्षी पाल वह भजन गायक शारदा प्रसाद यशराज जज के रूप में शामिल हुए और विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए सुरजीत सिंह पाल विवेक पाल शिल्पी सिंह संगीता सिंह आदि लोग मौजूद

## भाजपा पार्षद ने मनाया बाबा साहब का जन्म दिवस बहुत ही धूमधाम से



कानपुर आवास विकास 3 वार्ड 23 के भाजपा पार्षद रामनारायण गौतम ने अपने कार्यालय में लोगों के साथ मिलकर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई इस दौरान कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि डॉ बी आर अंबेडकर का 133 व जन्म दिवस पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है इसी कड़ी में हमारे कार्यालय के सभी साथियों ने मिलकर एक छोटा सा कार्यक्रम कार्यालय में रखा गया जिसमें अंबेडकर जी चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प अर्पित किए सभी ने दूसरे को मीठा खिलाकर मुंह मीठा किया अंबेडकर साहब हमेशा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम करते रहे समाज के सभी वर्गों के लिए विशेष कर महिलाओं के लिए उन्होंने शिक्षित करने का काम किया उनके द्वारा बनाए गए संविधान से आज लोगों को न्याय मिल रहा है और उनके द्वारा बनाए हुए मार्ग पर लोगों को चलना चाहिए और समाज के निर्बल लोगों कीसहयता करनी चाहिए इस दौरान रामनारायण गौतम पार्षद कार्यक्रम में कृष्ण कठेरिया पूर्व पार्षद राधा वाजपेई दिनेश मिश्रा पवन कुमार गौतम अरविंद कुमार चंदन गौतम श्री मृत्युंजय सिंह अनूप बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डन नं. 6-ए/7 रेलबजार कानपुर नगर-208004 से छपवाकर प्रधान कार्यालय 105/55 चमनगंज कानपुर 208001 से प्रकाशित। Email:
knplokjansandesh@gmail.com
lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I: UPHIN/2015/68360
समाचार पत्र से प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे। समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक हैं।
संपादक
मो. सलीम
8840049299